शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 89 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 25 अप्रैल 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मंच पर अचानक बेहोश हुए नितिन गडकरी

**यवतमाल**

**महाराष्ट्र** के यवतमाल में बुधवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाषण देते हुए मंच पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मंच पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले गए। दरअसल, लोकसभा चुनाव को देखते हुए गडकरी यवतमाल के पुसद में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मंच पर बोलने के दौरान ही वह अचानक लड़खड़ा कर गिर गए। हालांकि, वहां आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

**गडकरी को दी गई चिकित्सक सहायता**

कई पार्टी कार्यकर्ताओं को नितिन गडकरी के चेहरे पर पानी छिड़कते और उन्हें मंच से दूर ले जाते देखा गया। पहले चरण के चुनाव में नागपुर से भाजपा के उम्मीदवार गडकरी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना नेता राजश्री पाटिल के लिए प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा सीट से सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवार हैं। तबीयत ठीक होने के बाद नीतिन गडकरी ने (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी सेहत को लेकर अपडेट दिया। उन्होंने हिंदी में पोस्ट कर लिखा- 'रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं। अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।' बता दें कि महाराष्ट्र के बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी के साथ यवतमाल में 26 अप्रैल, शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होना है।

## मणिपुर-नागालैंड को जोड़ने वाले पुल को आईडी से उड़ाया गया

**इंफाल**

जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर के कांगपोकपी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर एक पुल बुधवार तड़के एक आईईडी विस्फोट में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। आईडी ब्लास्ट के बाद क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट रात करीब 12.45 बजे सपरमीना और कुब्रू लीखा इलाकों के बीच पुल पर हुआ।

# 'कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी'

## कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगाएगी: मोदी

**रायपुर**

प्रधानमंत्री मोदी ने सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर के पीजी मैदान में बुधवार को चुनावी सभा में भाषण की शुरूआत मां महामाया के जयकारे के साथ शुरू की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा में सभी को जय जोहर भी कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगाएगी। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब 2014 में वह पहली बार पीएम पद के उम्मीदवार थे तब अम्बिकापुर में प्रचार के दौरान उनके लिए लाल किले का स्ट्रक्चर भी बनाया गया था। इस पर भी कांग्रेस ने आपत्ति जाहिर की थी कि कोई कैसे लाल किले से भाषण दे सकता है लेकिन परिणाम आने पर प्रधान मंत्री बने और फिर लाल किले से उन्होंने देश को सम्बोधित किया था।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे हैं। कांग्रेस कह रही है कि वह इनहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी कर लगाएगी। आपकी मेहनत से जुटाई संपत्ति आपके बच्चों को नहीं मिलेगी, बल्कि कांग्रेस उसे छीन लेगी। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। कुछ माह पहले मैंने आपसे कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया।

आज भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है लेकिन कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि आपके आशीर्वाद से आपके बीच का व्यक्ति छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रहा है।



## 'कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है'

**मुख्यमंत्री** विष्णु देव साय विकास के लिए तेजी से कम कर रहे हैं। बहुत कम समय में रॉकेट की गति से सरकार चलाई है। तेंदू पत्ता संग्रह संग्राहकों को भी ज्यादा पैसा मिल रहा है। खरीद भी तेजी से हो रही है। माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना से लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के घोटालेबाजों पर जिस तरह एक्शन हो रहा है, वह पूरा देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं तो कांग्रेस वालों का और दुनिया की कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया तो कुछ ताकतों का खेल ही बिगड़ जाएगा। भारत आत्मनिर्भर बन गया तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वह भारत में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। ऐसी सरकार जो आपस में लड़ती रहे। घोटाले करती रहे। कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को तबाह करने का रहा है। सरगुजा में विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस का घोषणापत्र आया, उसी दिन मैंने कह दिया था कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है।



## कांग्रेस ने सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी बना दिया: मोदी



**पीएम** ने कहा कि जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। आरक्षण होगा तो दलित आदिवासी भाइयों के नाम पर होगा लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों के परवाह नहीं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बहुत पहले आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया। इसके बाद कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने एक और पाप किया। सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी बना दिया यानी जो लाभ ओबीसी को मिलता था, वह मुस्लिमों को चला गया। कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की हत्या की, भारत के सेकुलरिज्म की हत्या की। अब कर्नाटक का यही मॉडल कांग्रेस देश में लागू करना चाहती है। कांग्रेस संविधान बदलकर एससी, एसटी, ओबीसी का हक अपने वोट बैंक को देना चाहती है।मोदी ने आगे कहा कि आने वाले 5 साल में बहुत कुछ करना है। सरगुजा स्वर्गजा यानी स्वर्ग की बेटी है। इस चुनाव में आपको सिर्फ सांसद नहीं, देश का उज्जवल भविष्य चुनना है। इसलिए राष्ट्र निर्माण का मौका ना गंवाएं। गर्मी हो, शादी हो, खेत में काम निकला हो, रिश्तेदार के घर जाना हो, इन सबके बावजूद आपके सेवक मोदी के लिए कुछ समय निकालिए और वोट देने जरूर जाइए। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जन-मन योजना के माध्यम से आदिवासियों का उत्थान हो रहा है।

## ईवीएम का वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान के मामले पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली**

ईवीएम का वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान के मामले पर उप चुनाव आयुक्त नीतेश व्यास ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया। निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि माइक्रो कंट्रोलर में कंट्रोल यूनिट, बटन यूनिट और वीवीपीएटी होता है। तीनों को बस एक ही बार प्रोग्राम किया जा सकता है। कंट्रोलर को बाहर से प्रभावित नहीं कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि आंकड़ा 45 दिन सुरक्षित रखा जाता है। सिंबल लोडिंग के सवाल पर नीतेश व्यास ने कहा कि सिंबल लोडिंग के लिए निर्वाचन आयोग और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ही दो निमार्ता हैं। तब जस्टिस संजीव खन्ना ने पूछा कि क्या आप और अधिक निमार्ताओं से अधिक सिंबल लोडिंग यूनिट ले सकते हैं। तब नीतेश व्यास ने कहा कि सामान की उपलब्धता के लिए ज्यादा समय नहीं लगेगा लेकिन इन मशीनों को बनाने में एक महीने का वक्त लग जाएगा। कोर्ट की ओर से ईवीएम को सील करने के स्पष्टीकरण पर निर्वाचन आयोग ने बताया कि जब नियंत्रण इकाई मतदान का डेटा संग्रहीत कर लेती है तो इसे सील कर दिया जाता है।



## इंडिया गठबंधन में परिवारवाद का गठबंधन है और दूसरा भ्रष्टाचारियों को बचाने का गठबंधन: नड्डा

**खगड़िया**

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नोएडा बुधवार को खगड़िया पहुंचे। वहां उन्होंने खगड़िया से एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की। वहीं अपने संबोधन में नड्डा ने महागठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए उसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया। विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन सिर्फ दो चीजों का गठबंधन है। परिवारवाद का गठबंधन है और दूसरा भ्रष्टाचारियों को बचाने का गठबंधन है। यह लोग या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। सभी अपने आप को बचाने की जुगत में लगे हुए हैं। ऐसे में यह लोग देश का विकास क्या करेंगे। उनके साथ खगड़िया के बेलदौर से विधायक पन्नालाल सिंह पटेल, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और खगड़िया जदयू भाजपा लोजपा और हम के जिला अध्यक्ष मौजूद थे। जेपी नड्डा के साथ खगड़िया पहुंचे बिहार के डिप्टी सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लालू परिवार पर सीधा हमला किया। उन्होंने कहा कि लालू का पूरा परिवार गाली-गलौज में लगा हुआ है। कभी मेरे पिता तो कभी मेरी पत्नी को, तो कभी चिराग पासवान की मां को गाली दी जा रही है। इन लोगों का संतुलन बिगड़ गया है। सम्राट ने कहा कि लालू यादव ने अपने पूरे परिवार को टिकट दिया है, जबकि एक बेटी इनकी टूरिस्ट वीजा पर भारत पहुंची है। वहीं 2025 के विधानसभा सभा चुनाव में बची पांच बेटियों को भी लालू टिकट देंगे। सम्राट यही नहीं रुके बल्कि उन्होंने राहुल गांधी पर भी जमकर हमला किया।



## आरबीआई ने की कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ कार्रवाई




**नई दिल्ली**

बैंकिंग क्षेत्र के नियामक भारतीय रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने बैंक के ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी है। हालांकि, नियामक ने अपने निर्देश में कहा है कि वह अपने मौजूदा ग्राहकों जिसमें क्रेडिट कार्ड के ग्राहक भी शामिल हैं, को सेवाएं देना जारी रख सकता है। रिजर्व बैंक के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन और सूचना सुरक्षा प्रशासन में खामियां मिलने के बाद ने यह कार्रवाई की गई है। आरबीआई ने अपने बयान में कहा है कि ये कार्रवाइयां वर्ष 2022 और 2023 के दौरान नियामक की ओर से बैंक के आईटी परीक्षण में पाई खामियों के आधार पर की गई हैं। नियामक ने कहा कि बैंक परीक्षण के बाद उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं व्यापक और समयबद्ध तरीके से दूर करने में विफल रहा है। आरबीआई के बयान में कहा गया है कि बैंक के आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन, पैच एंड चेंज मैनेजमेंट, यूजर एक्सेस मैनेजमेंट, वेंडर रिस्क मैनेजमेंट, डेटा सुरक्षा व डेटा लीक रोकने की रणनीति, बिजनेस निरंतरता और डिजास्टर रिकवरी के लिए सख्ती व ड्रिल आदि क्षेत्रों में गंभीर खामियां और अनुपालन में कमी दिखी।

लगातार दो वर्षों तक बैंक के आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया, जो नियामकीय दिशानिर्देशों के तहत जरूरी आवश्यकताओं के विपरीत था। आरबीआई के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से "बंद करने" का निर्देश दिया गया है।

## हम देश में जातीय जनगणना का काम कराएंगे: राहुल

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी की ओर से लगातार आलोचना की शिकार कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी संपत्ति पुनर्वितरण पर पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार स्पष्टीकरण दे रही है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम संपत्ति बंटवारे पर कार्रवाई करेंगे लेकिन हम देश में जातीय जनगणना का काम कराएंगे। नई दिल्ली के जवाहर भवन में आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह बात कही। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें जाति में नहीं, बल्कि 'न्याय' में दिलचस्पी है लेकिन जानकारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी है ताकि पता चल सके कि कितना अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना मेरे लिए राजनीति का मुद्दा नहीं है, ये मेरे जीवन का मिशन है। राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना एक सर्वेक्षण नहीं है। इसमें आर्थिक और संस्थागत घटक भी शामिल किए जाएंगे। जिससे पता चल सके कि कौन सा समुदाय सबसे ज्यादा लाभांवित है ओर आर्थिक सामाजिक न्याय के लिए क्या करने की जरूरत है। इनका कहना है कि हिंदुस्तान के 90 प्रतिशत लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।



## पेमेंट कंपनी 'पेयू' को नए ग्राहक जोड़ने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेयू को लगभग 15 महीने के बाद पेमेंट एग्रीगेटर के तौर पर काम करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक ने प्रोसस बैक्ड फिनटेक फर्म पेयू को पेमेंट एग्रिगेटर (पीए) के रूप में काम करने और नए मर्चेंट्स को फिर से जोड़ने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इन प्रिंसिपल (सैद्धांतिक) मंजूरी फाइनल लाइसेंस नहीं होता लेकिन कंपनियां इसके जरिए 6 से 12 महीने तक काम कर सकती है। पेयू सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के साथ ही अब नए कारोबारियों को डिजिटल भुगतान सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने साथ जोड़ सकती है। अधिकारी (सीईओ) अनिर्बान मुखर्जी ने कहा कि यह लाइसेंस भारत में वैश्विक स्तर पर चर्चित डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचा स्थापित करने के हमारे लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

## 'विरासत टैक्स' पर सैम पित्रोदा का बयान बना कांग्रेस के जी का जंजाल

**नई दिल्ली**

**सैम** पित्रोदा के पैतृक संपत्ति हस्तांतरण पर कर संबंधी बयान कांग्रेस के जी का जंजाल बन गया है। भाजपा हमलावर है और कांग्रेस बयान से किनारा कर रही है। कांग्रेस नेता ओवरसीज कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान से पल्ला झाड़ते हुए डैमेज कंट्रोल में जुट गए हैं। सैम पित्रोदा ने शिकागो में एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा है कि कांग्रेस भारत में धन के पुनर्वितरण की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि परिवार के मुखिया की मृत्यु के बाद अमेरिका में 55 प्रतिशत संपत्ति मिलती है शेष संपत्ति सरकार के पास चली जाती है। इस तरह की व्यवस्था भारत में नहीं हैं। इस पर विचार होना चाहिए। कांग्रेस इस तरह की योजना बना रही है। सैम पित्रोदा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। सैम पित्रोदा के इस बयान को भाजपा ने गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस की आलोचना करनी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री ने सैम के बयान पर हमला बोलते हुए छत्तीसगढ़ की सभा में कहा था कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में 'सर्वे' का जिक्र है। मनमोहन सिंह पहले अपने बयान में कह चुके हैं कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों और विशेषकर मुसलमानों का है। अब सैम पित्रोदा ने अमेरिका का हवाला देते हुए टिप्पणी की है कि धन के वितरण पर विचार-विमर्श होना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने यह मुद्दा उठाया तब राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी इस बात पर बैकफुट पर है और ये लोग कहने लगे कि यह उनका मकसद कभी नहीं था लेकिन आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है। वे देश के लोगों की निजी संपत्ति का सर्वेक्षण करना चाहते हैं। वे इस लोगों की मेहनत से कमाई संपत्ति को घुसपैठियों में बांटना चाहते हैं। शाह ने कहा कि वे चाहते हैं कि लोग सैम पित्रोदा के बयान को गंभीरता से लें। सैम पित्रोदा ने बहु-संख्यकों की संपत्ति को जब्त करने और इसे अल्पसंख्यकों के बीच वितरित करने के पार्टी के इरादे की पुष्टि की। कांग्रेस का भारत के गरीबों, दलितों, युवाओं, जनजातियों और पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण कभी एजेंडा नहीं रहा। सैम के बयान के बाद बैकफुट पर आई कांग्रेस के नेता स्पष्ट कर रहे हैं कि पार्टी का ऐसा कोई ईरादा नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारी ऐसी कोई मंशा नहीं है। ये उनके विचार हैं। उनके विचार हमारे मुंह में क्यों डाल रहे हैं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि सैम पित्रोदा उनके सहित दुनिया भर में कई लोगों के लिए एक गुरु, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक रहे हैं।



# सिर कुचला हुआ युवती का मिला शव मचा हड़कंप

**शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मऊआइमा के ग्राम जोगीपुर (कौवापुर ऊसर वन विभाग ) के पास महिला का सिर कूचा हुआ शव बरामद हुआ**



**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम जोगीपुर (कौवापुर ऊसर वन विभाग)के पास बुधवार को सुबह एक पैंट,शर्ट पहने एक युवती का सिर कूचा हुआ शव पडा देख कर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है।सूचना पर डीसीपी,उप सहायक पुलिस आयुक्त, मऊआइमा थाने की फोर्स पहुंच कर जांच पड़ताल की। बताया गया है कि प्रतापगढ़ के थाना बाघराय के वीरभानपुर मनीराम का पूरा निवासी हरिश्चंद्र यादव की तीन पुत्रियां हैं। जिनमें बडी लडकी रिंकी सिंह 35 वर्ष की शादी प्रयागराज के खुल्दाबाद सब्जी मंडी निवासी संजय यादव पुत्र स्वर्गीय निरंजन सिंह के साथ हुई है।रिंकी के दो पुत्रियां प्रियांसी 14वर्ष,दिव्या 12वर्ष तथा पुत्र विकास यादव 18 वर्ष हैं। बताया गया है कि रिंकी यादव बनारस में प्राइवेट नर्स है।पुत्र वहीं चाय नाश्ते की दुकान किए है। रिंकी यादव की दो अन्य बहनें सोनी 30 पत्नी विजय यादव,अरवांव मुकुंदपुर होलागढ़ में रहती है।जबकि सोनम 28 वर्ष पत्नी अमर सिंह सितऊ का पुरवा होलागढ़ में है।अमर सिंह सपरिवार दिल्ली में रहता है।बताया गया है कि रिंकी सिंह अपनी छोटी बहन सोनी के यहां बर्थडे पार्टी में शामिल होने मंगलवार को रात में अरवांव मुकुंदपुर होलागढ़ आ रही थी। बुधवार को सुबह रिंकी यादव का पथर से सिर कूचा हुआ शव देख कर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिसके जेब से बनारस से प्रयागराज का रेलवे का टिकट मिला। मोबाइल अन्य सामान गायब थे।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पति संजय यादव की तहरीर पर अज्ञात कातिलों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## खेत देखने गए वृद्ध को बाइक सवार ने मारी टक्कर उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** खेत देखने गए वृद्ध को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार देने से वृद्ध की उपचार के दौरान मौत। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ वाजिदपुर निवासी भाइय्या राम 59 वर्ष बुधवार को सुबह बडी नहर से अपने खेत की ओर खड़े थे।बताया गया कि उल्टी दीशा में तीव्र गति बाइक चलाते हुए एक युवक भाइय्या राम 59 को रौंद दिया तथा बाइक छोड कर भाग गया। जख़्मी भाइय्या राम को परिजन प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराए जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र सुभाष कुमार ने मऊआइमा थाने में बाइक चालक मोहम्मद उस्मान पुत्र मोहम्मद याकूब ग्राम शेखनपुर विश्वनाथगंज सिटी प्रतापगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।तथा आरोपी की बाइक थाने में जमा कर ली गई है।

## यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में जवाइन विद्यालय के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पसना।** कोरांव तहसील के पुराने एवम् प्रतिष्ठित विद्यालयों में से एक चौधरी शिवजोखन सिंह इंटर कालेज जवाइन के छात्र छात्राओं ने इस वर्ष की हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा में बढ़िया अंक ले आकर क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया है।विद्यालय के सहप्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हाईस्कूल बालक वर्ग में ओम गुप्ता 92.83%,शैलेंद्र कुमार विश्वकर्मा 83.16% तथा अमित कुमार विश्वकर्मा ने 84.5% अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार हाईस्कूल बालिका वर्ग में छात्रा प्राची सिंह 91.33%,रिया शर्मा 89.84%,मानसी सिंह 89.5,% व श्वेता सिंह ने89.66% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में इंटर मे भी विज्ञान वर्ग से कु अंशू 85.80%, अन्नू बिंद 85%अंक व कला वर्ग से क्षमा द्विवेदी 85.40%, सुधा कुमारी 85%,छात्र पवन कुमार ने 84.8%अंक प्राप्त कर क्षेत्र में विद्यालय की प्रतिष्ठा में वृद्धि की है। छात्रों की इस उपलब्धियों पर अभिभावकों व संस्थापक उदित नारायण सिंह,प्रबंधक संगम लाल सिंह,प्रधानाचार्य डा.महेंद्र सिंह व विद्यालय के कर्मयोगी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई एवम् शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## विद्यालय में वार्षिक परीक्षा फल के पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**उतरांव।** बालाप्रसाद कुशवाहा इंटर कॉलेज के वार्षिक परीक्षाफल के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल माननीय प्रबंधक जी,माननीय प्रधानाचार्य एवम सभी शिक्षक,शिक्षिका, अभिवावक और बच्चो ने अपनी उपस्थिति देते हुए समारोह में समलित हुए और सभी कक्षा 6,7,8,9,10,11 और 12 के टॉप 3 रैंक और अगले बारह स्थान के पुरुस्कार वितरित कर के प्रबंधक महोदय और प्रधानाचार्य महोदय ने अपने आशीष वचन और आशीर्वाद प्रदान किया।विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा संचालित ये पुरस्कार वितरण समारोह बच्चो में प्रोत्साहन और ऊर्जा का संचार करने की बेहतर शुरूआत और पहल किया।

## मां शिवकुमारी शुक्ला इं कालेज के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**लालापुर।** क्षेत्र के माँ शिवकुमारी शुक्ला इण्टर कालेज भटपुरा लालापुर मसुरियन धाम के छात्रों ने एक बार फिर यूपी बोर्ड की परीक्षा में क्षेत्र में परचम लहराकर तरहार क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किया विद्यालय के कक्षा 10 (हाईस्कूल) व 12 (इण्टरमीडिएट) के विद्यार्थी यूपी बोर्ड परीक्षा में विगत वर्षों की तरह एक बार फिर अपना परचम लहराकर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ने में कामयाब हुए। इनके साथ ही कालेज के अन्य सभी छात्र/छात्राओं ने न ही अपना व अपने माता - पिता का शीश ऊंचा किया है अपितु अपने विद्यालय,गाँव एवं परिवार का भी सिर गर्व से ऊंचा किया है। विद्यालय के प्रबन्धक लाला शुक्ला (एडवोकेट) ने विद्यालय के छात्र छात्राओं व अभिभावकों सहित प्रधानाचार्य एवं सभी अध्यापकों की भूरि भूरि प्रशंसा की व सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। भविष्य में भी विद्यालय प्रबन्धन आपकी सेवा में सदैव पूर्ण निष्ठा से तत्पर रहेगा। यूपी बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण क्षेत्र के समस्त विद्यार्थियों को माँ शिवकुमारी शुक्ला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की तरफ से कोटि कोटि शुभकामनाएं।

## नंद घर आयो कन्हाई घर-घर बाजे बधाई



**सहसों।** सहसों बाईपास स्थित देव प्लाई हाउस के प्रांगण में अशोक कुमार केसरवानी के संयोजन में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास प्रभाकराचार्य जी महाराज के द्वारा कथा रस रसिक श्रोता भक्तों को वामन अवतार, रामावतार एवं कृष्ण अवतार की संजीव वर्णन करते सुनाया गया। कथा व्यास ने कहा पृथ्वी पर जब-जब अनाचार, पापाचार दैत्यों द्वारा बढ़ा एवं संतों पर अत्याचार हुआ तब तब धर्म, धराभूमि, संत महापुरुषों एवं भक्तों की रक्षा करने के लिए भगवान नारायण को अवतरित होना पड़ा। त्याग एवं भक्ति भावना के चलते माता कौशल्या को राम के रूप में एवं माता देवकी को कृष्ण के रूप में संपूर्ण ब्रह्म के प्राकट्य का दर्शन प्राप्त हुआ और माताएं धन्य होते हुए उनका जीवन कृतार्थ हो गया। कथा प्रसंग में भगवान का प्राकट्य होते ही भक्त श्रोताओं द्वारा भगवान नाम के उद्घोष से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर भगवान की मनमोहक झांकी के साथ " नंद घर आयो कन्हाई, घर-घर बाजे बधाई " आदि सुंदर भजन एवं सोहर गीत से भक्त श्रोता नर नारी आनंदित होते हुए झूम उठे। कथा व्यास ने कहा त्याग, तपस्या, तपबल एवं सच्ची श्रद्धा भक्ति से ही भगवान की भक्ति एवं दर्शन प्राप्त हो सकता है। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान सहित अन्य श्रोताओं ने व्यास पीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्त श्रोताओं में प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनूप कुमार केसरवानी, अजय कुमार केसरवानी, अंकित कुमार केसरवानी, शोभा लाल तिवारी, डॉ. दीनानाथ शुक्ल, विमल कुमार शुक्ला, डॉ अशोक केसरवानी, उमेश केसरवानी, चंद्र नारायण सिंह एवं राकेश केसरवानी सहित भारी संख्या में भक्त श्रोता नर नारी कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

## दस हजार का इनामिय बदमाश तमंचा कारतूस के साथ धराया,भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** दस हजार का इनामिया बदमाश को मऊआइमा पुलिस ने तमंचा और एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ममऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासी शेबू उर्फ शहंशाह पुत्र दरगाही को मऊआइमा पुलिस ने घेराबंदी कर मऊदोस्तपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकडे गए बदमाश के पास से 315 बोर तमंचा एक जीवित कारतूस भी बरामद हुआ। बताया गया है कि शेबू उर्फ शहंशाह जौनपुर थाने का दस हजार का इनामिया बदमाश है।इसके अलावा प्रतापगढ़, मऊआइमा सहित अनेकों थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार इनामिया बदमाश को जेल भेज दिया है।

# आठ घंटे के भीतर किया उतरांव पुलिस ने लूट का खुलासा

**तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल पैसा बरामद किया**

**थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी व पुलिस टीम को कमिश्नर करेंगे सम्मानित**






**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव पुलिस टीम ने लूट का 8 घंटे के अंदर खुलासा किया है। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयुक्त व लूट कीगई मोटरसाइकिल को बरामद किया है। डीसीपी अभिषेक भारतीय गंगानगर ने थाने पर प्रेस वार्ता किया।उतरांव थाना अंतर्गत आने वाले अनमोल ढाबा के पास से पल्सर सवार युवकों ने बमैला हंडिया निवासी विशाल पटेल पुत्र स्वर्गीय जीवन लाल पटेल के साथ अनमोल ढाबा सवरा के पास तमंचा और चाकू सटाकर ग्रे मोटरसाइकिल,मोबाइल फोन,2650 रुपए की लूट की और मारपीट भी किया गया।इस दौरान पीड़ित को गंभीर चोट आई थी। इलाज के बाद विशाल पटेल द्वारा उतरांव थाने पर मामले की जानकारी दी मामले को गंभीरता से लेते हुए उतरांव पुलिस ने मामला दर्ज किया।मामले में पुलिस उपायुक्त गंगानगर के आदेश के क्रम में टीम गठित कर थाना प्रभारी उतरांव द्वारा बुधवार को पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारतीय द्वारा उतरांव थाने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना का खुलासा किया गया। नागनाथ पुर पुलिया से तीनो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त सुरेंद्र कुमार भारतिया पुत्र राधेश्याम,अमन कुमार पुत्र रामसूरत निवासीगढ ढोकरी थाना हंडिया अंशु भारतीया पुत्र राम सूरत निवासी सराय मंसूर हंडिया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ स्थानीय थाने पर अन्य मामले मुकदमा भी दर्ज है।वही इस मामले से जुड़ा एक अभियुक्त शिवम भारतिया उर्फ गुंडे पुत्र मोटे भारतिया फरार है। मामले में अभियुक्तों के पास से लूट की ग्रे मोटरसाइकिल,02 अवैध तमंचा02 दो कारतूस,01चाकू और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद किया।डीसीपी गंगा नगर ने बताया की थाना अध्यक्ष द्वारा लगातार किए जा रहे गुड वर्क पर थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी व पुलिस टीम को कमिश्नर के यहां सम्मानित किया जाएगा। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से पंकज कुमार त्रिपाठी थाना अध्यक्ष उतराव,उप निरीक्षक हरिश्चंद्र शर्मा,शशांक कुमार सिंह,अभिषेक यादव,शुभी वर्मा,हेड कांस्टेबल अमरनाथ यादव,अनीश कुमार,प्रियंका राजभर आदि रही।

# ब्लॉक परिसर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर की गई संगोष्ठी




**सोरांव।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में एडीओ पंचायत कार्यालय के सामने स्थित एक पेड़ की छाया में बुधवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार के आदेशानुसार सहायक विकास अधिकारी सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में की गई। गोष्ठी में पंचायत सहायक संग अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस गोष्ठी में पंचायती राज विभाग संबंधी नियमों एवम् कानूनों संग अन्य जानकारी के बारे में विस्तार से चर्चा परिचर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने मौजूद कर्मचारियों को बताया कि भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह ने 24 अप्रैल 2010 को पहला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस घोषित किया उन्होंने उल्लेख किया कि अगर पंचायती राज संस्थाओं ने ठीक से काम किया और स्थानीय लोगों ने विकास प्रक्रिया में भाग लिया, तो माओवादी खतरे का मुकाबला किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल 2015 को निर्वाचित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए, "सरपंच पति" की प्रथा को समाप्त करने का आह्वान किया, ताकि वे सत्ता में चुने जाने वाले उनके कामों पर अनुचित प्रभाव डाल सकें। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार,सचिव मोहम्मद साकिब, सचिव ऋतु प्रिया,सचिव लाल प्रताप यादव, सचिव राजीव मौर्य,सचिव संजना दुबे,सचिव ऋचा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार,कार्यालय लिपिक बनवारी लाल, कंप्यूटर आपरेटर सुनील कुमार यादव, कपिल कुमार, राकेश कुमार भारतीय, पंचायत सहायक उर्मिला कुशवाहा, हर्ष श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, अनुज, कमल देव, लवलेश, रोहित,शालिनी यादव, साधना, सत्यनारायण यादव,निशा, समशीर बानो, ठिकेदार एम डी यादव,प्रधान पुत्र अभिषेक उर्फ मोनू यादव संग दर्जनों लोग रहे।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल, अखिलेश यादव, रालोद प्रमुख जयंत चौधरी समेत 13 नेताओं की राहत बढ़ी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान कोविड नियमों का उल्लंघन कर चुनाव प्रचार करने के आरोप में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, अखिलेश यादव, रालोद प्रमुख जयंत चौधरी, सांसद अफजाल अंसारी, विधायक अब्बास अंसारी, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू समेत कई नेताओं के खिलाफ विभिन्न जिलों की एमपी/एमएलए की विशेष अदालतों में शुरू हुई आपराधिक कार्यवाही के खिलाफ अलग-अलग दाखिल याचिकाओं पर एक साथ 30 जुलाई को सुनवाई होगी। अगली सुनवाई तक इन सभी के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर लगी रोक बढ़ा दी गई है।यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल संग सभी की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया है। पंखुड़ी पाठक को कांग्रेस ने 2022 में नोएडा से विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया था। 16 जनवरी को छत्तीसगढ़ के तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल के साथ डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कोविड प्रोटोकाल का पालन नहीं करने पर थाना सेक्टर-49 में भूपेश और पंखुड़ी पाठक समेत कई अन्य पर चुनाव आयोग के निर्देश पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

## स्कूल में किया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**सोरांव।** बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गोहरी में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे बालिकाओं द्वारा नाटक, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता की गई। तथा राजकीय इंटर कॉलेज गोहरी सोरांव के प्रधानाचार्य रवि भूषण द्वारा झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली रवाना की गई। रैली के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा नामित नुक्कड नाटक टीम ने जगह-जगह नुक्कड नाटक करके लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिसमे बृजेश यादव ब्लॉक स्काउट मास्टर सोरांव, सावित्री यादव ब्लॉक गाइड कैप्टन/जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), गायत्री यादव मास्टर ट्रेनर, जिला गाइड कैप्टन प्रवीण सिंह, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय वार्डन आरती सिंह, शिक्षिका उषा यादव, किरण मिश्रा, सीबी सिंह ,प्रियंका गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### मांडा में अपहरण के मामले में बाल अपचारी गिरफ्तार




**मांडा।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में भुक्तभोगी के तहरीर पर 20 अप्रैल को मांडा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पड़ताल शुरू कर दिया। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 22अप्रैल को न्यायालय भेज दिया है। गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी को 22 अप्रैल को मांडा रोड से मांडा उप निरीक्षक सन्नेश बाबू गौतम ने पुलिस टीम के साथ आरोपी गांव निवासी जेरा श्रीकान्त सोनकर उर्फ जिया लाल पुत्र हरीश चन्द्र सोनकर को गिरफ्तार कर लिया। और आरोपी के विरुद्ध अपहृत सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कर न्यायालय भेज दिया है। **प्रेमी के साथ प्रेमिका ने जेल जाने के लिए की कबूल :** 20 अप्रैल की रात्रि किशोरी ने अपने प्रेमी के साथ रफ्फू चक्कर हो गई। वहीं किशोरी के परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर दोनों की खोजबीन कर गिरफ्तार कराया। और दोनों को मांडा थाने लाया गया पूछताछ के दौरान किशोरी ने अपने प्रेमी के साथ जीने मरने के लिए कबूल किया। किशोरी के परिजनों के तहरीर पर आरोपी प्रेमी युवक व चाचा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी पर किशोरी भी अपने प्रेमी युवक के साथ जेल जाने के लिए तैयार हो गई। किशोरी ने अपने पिता की एक भी बात नहीं मानी और परिजनों पर आग बबूला हो गई।मांडा पुलिस दोनों आशियाना को न्यायालय भेज दिया है। वहीं युवक के परिजनों ने किशोरी को साथ में रहने व जीवन यापन करने के लिए स्वीकार किया है।

### फांसी के फंदे पर लटकी महिला मौत



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सैतापुर बरेठी गांव में एक महिला अपने घर से 100 मीटर दूरी पर स्थित एक बाग में जाकर आम के पेड़ की डाल में रस्सी को फंदा बनाकर फांसी पर लटक गई। मौके पर उसकी मौत हो गई। सुबह जब उसके पति ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। सैतापुर बरेठी थाना उतराव निवासी राजेश हरिजन जो राजगिरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीती रात घर पर कोई नहीं था उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। रात में अपने घर से 100 मीटर दूरी स्थित बाग में जाकर आम की डाल में रस्सी को फंदा बनाकर लटक गई। उसकी मौत हो गई। रात में जब पति बारात से घर के लिए आया तो खोजबीन किया तो नहीं पता चला।काफी खोजबीन के बाद जब सुबह पति ने देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गए।सूचना पर मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।फिरहाल फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। मृतिका के दो बेटे सूरज सुजीत व एक बेटी सानिया है। महिला ने पुवाल पर चढ़कर फांसी के फंदे से लटकी। महिला की मौत से पति समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# इंडिया गठबंधन के संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में गरजे हंडिया विधायक हाकिम लाल

**कहा - इलाहाबाद संसदीय सीट से होगी उज्जवल रमण की जीत केंद्र में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार**






**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** इंडिया गठबंधन के संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में जमकर गरजे पदाधिकारियों ने कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को जिताने का संकल्प लिया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को सिरसा अमिलहवा स्थित स्वयंवर गेस्ट हाउस में सपा के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद की अध्यक्षता में आयोजित इंडिया गठबंधन के संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी तादात में पहुंचे कार्यकताओं पदाधिकारियों तथा आम जनमानस के लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए हुए सपा के हंडिया विधायक हाकिम लाल विंद ने भाजपा के मोदी और योगी सरकार पर निशाना साधते हुए उपस्थित कार्यकताओं में ऐसा जोश भरा कि कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इंडिया गठबंधन का जोरदार नारा लगाते हुए सपा और कांग्रेस गठबंधन के इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को चुनाव में भारी मतों जीत दिलाने का संकल्प ले लिया। इसी प्रकार सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे सपा के मेजा विधायक संदीप पटेल व सपा के विधान परिषद सदस्य मान सिंह यादव ने भी भाजपा की कथनी और करनी पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा झूठ के सहारे अब सत्ता में नहीं रह पाएगी। आम जनता भाजपा को अब देश और देश के संविधान से खिलवाड़ नहीं करने देगी। आगामी चुनाव में भाजपा चार सौके पार नहीं बल्कि दो सौ के अंदर ही सिमट कर रह जाएगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में सता पक्ष और इंडिया गठबंधन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं में आरोप प्रत्यारोप का दौर चल ही रहा था कि अचानक उक्त कार्यक्रम में प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र में विगत 40 वर्षो से राजनीतिक क्षेत्र में यमुनापार के गांधी के नाम से चर्चित कुंवर रेवती रमण सिंह की इंट्री हो गई और पूरा गेस्ट हाउस कुंवर नहीं यह आंधी है यमुनापार का गांधी है के नारों तथा तालियों की गड़गड़ाहट से तब तक गुंजायमान रहा जब तक वे मंच पर नहीं पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने अपने सुपुत्र एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी उज्जवल रमण की चुनाव में फंसी साख जहां बचाने की अपील किया वहीं लोकसभा प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि चुनाव हारना और जीतना कार्यकताओं की कड़ी मेहनत एवं ईमानदारी पर निर्भर करता है। क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि मेजा और करछना के लोगों का प्यार एवं आशीर्वाद मिला तो मैं उनके मान सम्मान तथा स्वाभिमान की लड़ाई का सदैव ही अगुवाई करता रहूंगा। मेरे कार्यकर्ता कभी निराश नहीं होंगे उनका सम्मान ही हमारा सम्मान है। इसके पूर्व सम्मेलन में आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पप्पू लाल निषाद तथा संचालन विधान सभा अध्यक्ष सपा विजयराज यादव ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता लल्लन सिंह पप्पू यादव नीतेश तिवारी अरुण तिवारी नियाज लियाकत अली रामदेव निडर गोरेलाल शर्मा जयशंकर भारतीय इंजीनियर जगदीश यादव इंद्रेश यादव सलामत अली रामप्रसाद हरी प्रजापति दिलीप विश्वकर्मा जुगेश शर्मा बबलू कुशवाहा तथा गीता भारतीय आदि के अलावा सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





# डोमिनोज रेस्टोरेंट में लगी आग

## एसी फटने से लगी थी आग, धुआं निकलते देख रेस्टोरेंट में बैठे लोग सड़क पर भागे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के महाराणा प्रताप चौराहे पर स्थित डोमिनोज रेस्टोरेंट में आज बुधवार की दोपहर भीषण आग लग गई।जिस समय आग लगी उस समय बड़ी संख्या में लोग रेस्टोरेंट में मौजूद थे। लेकिन आग लगने की वजह से जब रेस्टोरेंट में धुआं भरने लगा तो लोग जान बचाकर वहां से बाहर सड़क की तरफ भागे।बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट में लगी अउ फट गई जिससे शार्ट सर्किट हुई और आग लग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं। रेस्टोरेंट के 2 कर्मचारी ऊपर ही फंसे रहे लेकिन फायर बिग्रड के जवानों ने उन्हें सुरक्षित नीचे उतारा। सभी लोग सुरक्षित हैं। करीब 2 घंटे अथक प्रयास के बाद आग बुझाने में सफलता मिली।

### दहशत में दिखे छात्र-छात्राएं व मरीज

दरअसल, डोमिनोज पिज्जा के एक तरफ संस्कृति कोचिंग है तो दूसरी कैलाश अस्पताल। जब आग लगी तो कोचिंग में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं क्लॉस कर रहे थे लेकिन आग की सूचना मिलते ही सभी भागकर बाहर निकले। इसी तरह कैलाश अस्पताल में भर्ती व उनके तीमारदार भी सहमे रहे। जिला अग्निशमन अधिकारी आरके पांडेय ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया। सभी लोग सुरक्षित हैं। पूरी टीम के प्रयास से आग पर नियंत्रण पाया गया।

## गश खा कर गिरे मजदूर की मौत

**झूंसी।** साइकिल से जा रहे अधेड़ की अचानक गिरने से मौत हो गई। मामला झूंसी पुलिस चौकी के होमगार्ड तिराहे का है। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक मजदूर था दोपहर में छुट्टी होने पर नाश्ता करने जा रहा था। उतरावा सिठोली निवासी धनपत पाल 40 पुत्र जय करण पाल श्रमिक है। वह झूंसी में काम कर रहा था। बुधवार की दोपहर छुट्टी होने पर धनपत साइकिल से नाश्ता लेने जा रहा था। होमगार्ड तिराहे पर अचानक वह गश खा कर गिर गया। मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने पानी पिलाने का प्रयास किया तब तक धनपत की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुची पुलिस ने धनपत की शिनाख्त करा कर परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। मौत का कारण स्पस्ट नही हो पाया था। कुछ लोग हार्ट अटैक तो कुछ हीट स्टोक की बात बता रहे थे।

# नए यमुना पुल से स्कूटी खड़ी कर युवती पुल से यमुना में कूदी





**नैनी।** नैनी नए यमुना पुल से बुधवार शाम को एक युवती जान देने के लिए कूद गई। यमुना में मौजूद गोताखोरों ने उसे बचा लिया। जल पुलिस प्रभारी जेपी साहनी ने बताया कि झूंसी की रहने वाली युवती बुधवार को स्कूटी से नए यमुना पुल पर पहुंची। स्कूटी खड़ी कर दी और यमुना में कूद गई। यमुना पुल में उस वक्त मौजूद जल पुलिस के जवानों ने देख लिया और युवती को बचा लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने युवती के घरवालों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया। हालांकि उसके घरवाले इस मामले में चुप्पी साधे रहे।

## मेजा का रहने वाले किशोर का यमुना में मिला शव

**नैनी।** नैनी अरैल स्थित सेल्फीप्वाइन्ट घाट पर डूब गया था मेजा का रहने वाला किशोर। जीजा के साथ यमुना में पूजा के फूल विसर्जन करने के दौरान यमुना में ड्रबे दीपांशु पांडेय का बुधवार को औद्यगिक क्षेत्र के लवायन घाट के सामने गंगा में शव मिला। बता दें कि थाना मेजा के कुकी अलरी, अमिलिया गांव में रहने वाले सुनील पांडेय का बेटा दीपांशु पांडेय (17) अपने घर से फूल विसर्जन करने मंगलवार को नैनी आया था। दीपांशु फूल विसर्जित करने के बाद अरैल स्थित सेल्फीप्वाइन्ट घाट पर डूब गया था।

# श्रम न्यायालय नियोक्ता पर धन की वसूली में नहीं लगा सकता ब्याज, हाईकोर्ट ने रद्द किया आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि श्रम न्यायालय नियोक्ता से धन की वसूली में ब्याज नहीं लगा सकता है। कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए श्रम न्यायालय के 18 प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान करने के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की कोर्ट ने फैसला सुनाया।

कार्यकारी अभियंता विद्युत पारेषण प्रभाग की ओर से याचिका दायर की गई थी।मामले में महेश चंद्र को 01मई 1966 को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत आयोग की ओर से विद्युत पारेषण मंडल, अलीगढ़ में सहायक स्टोर कीपर के पद पर नियुक्त किया गया था। 31 जनवरी 1997 को सेवानिवृत्ति हुए। इस दौरान श्रम न्यायालय में बकाया भुगतान के लिए धारा 33सी(2) के तहत एक आवेदन दायर किया। श्रम न्यायालय ने पेंशन, भविष्य निधि और अवकाश नकदीकरण के विलंबित भुगतान पर 18 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान का निर्देश दिया। इसके विरोध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।हाईकोर्ट ने कहा कि विलंबित भुगतान के लिए 18 प्रतिशत की दर से ब्याज देने में श्रम न्यायालय को गुमराह किया गया था। ब्याज देना श्रम न्यायालय के अधिकार के बाहर है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए श्रम न्यायालय, आगरा के आदेश को रद्द कर दिया।

# सुपुर्दे खाक के लिए मयस्सर न हो सकी कब्र, पुलिस ने करा दिया दाह संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** परिजनों की तमाम कोशिशों के बाद भी मुस्लिम परिवार के एक शव को सुपुर्दे खाक के लिए कब्र मयस्सर नहीं हो सकी। परिजन थाने से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक शव की तस्वीर के लेकर दर-दर भटकते रह गए। तीन दिन तक मर्चरी में पड़े शव का अंततः विद्युत शवदाह गृह में दाह संस्कार करवा दिया गया। इससे दिवंगत के परिवार के लोग आहत हैं। जान गंवाने वाले व्यक्ति के भाई ने पुलिस पर फोटो दिखाने के बाद भी शव की शिनाख्त न कराने और मनमाने तरीके से अंतिम संस्कार कराने का आरोप लगाया है।खुल्दाबाद, नुरूल्लारोड का रहने वाला जुबैर अली (38) बीती 16 अप्रैल की शाम को घर से निकला था और फिर नहीं लौटा। वह आठ भाइयों में चौथे नंबर का था। उसका निकाह हो चुका था। घर में बीवी हसीना बेगम के अलावा तीन बेटियां और दो बेटे हैं। बड़े भाई जाकिर अली ने बताया कि जब उनका भाई घर नहीं लौटा तब परिजनों ने सोचा कि शायद वह अपने ससुराल औराई पत्नी हसीना के पास चला गया हो। जब 18 अप्रैल को उनके भाई की पत्नी ने घर पर फोन कर बताया कि दो दिन से जुबैर का फोन नहीं आया, वह कहां हैं तब वह लोग उसे खोजने के लिए निकल पड़े।

**परिवार के लोग काटते रहे थाने का चक्कर :** खोजते हुए धूमनगंज के सुलेमराय क्षेत्र में पहुंचे और दुकानदारों को अपने भाई की फोटो दिखाई तो पता चला कि वह दो दिन पहले यहां पर दिखा था। उसके बाद वह नहीं देखा गया। वहां लोगों ने यह भी बताया कि 17 अप्रैल की रात को कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को चोरी के आरोप में पीटकर जख्मी बना दिया था। उधर, सुलेमसराय स्थित अमरदीप मोटर्स के पास 18 अप्रैल को एक युवक का शव मिला था। पहचान न होने पर पुलिस ने उसे अज्ञात में पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। इधर जाकिर भी अपने भाई को इधर-उधर खोजता रहा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।रविवार को सुलेमसराय में मिले अज्ञात शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखे 72 घंटे पूरे हो गए थे। इसके बाद धूमनगंज पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उस शव को अंतिम संस्कार के लिए रसूलाबाद घाट लेकर चली गई। उसके थोड़ी ही देर बाद जाकिर भी अपने भाई की मौत की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गया। पोस्टमार्टम हाउस में पूछने पर पता चला कि थोड़ी ही देर पहले एक अज्ञात शव का पोस्टमार्टम हुआ है, जिसका अंतिम संस्कार करने लिए पुलिस दारागंज ले गई है।

**विद्युत शवदाह गृह में जला दिया गया शव :** यह जानकर जाकिर अपने परिजनों के साथ दारागंज पहुंचा, जहां पता चला कि रसूलाबाद घाट पर ले गए हैं। वह लोग भागते हुए वहां पहुंचे तो पता चला कि आधे घंटे पहले ही एक अज्ञात शव को विद्युत शवदाह गृह में जलाया गया है। इसके बाद परिजनों ने उस एंबुलेंस के ड्राइवर से मुलाकात की, जिससे शव वहां लाया गया था। चालक ने शव का फोटो दिखाया तो उसके होश ही उड़ गए। वह फोटो उसके लापता भाई जुबैर अली का था।भाई जाकिर ने धूमनगंज पुलिस पर आरोप लगाया है कि वह 18 अप्रैल को धूमनगंज थाने गया था और वहां पुलिस को अपने भाई की फोटो दिखाकर उसके बारे में पूछा भी था, लेकिन पुलिस ने शिनाख्ता नहीं कराई। उसका आरोप है कि वह 21 अप्रैल को भाई की गुमशुदगी दर्ज कराने लिए खुल्दाबाद थाने गया था, लेकिन वहां भी कहा गया कि जांच के बाद गुमशुदगी दर्ज की जाएगी। भाई जाकिर का कहना है कि यदि धूमनगंज पुलिस ने उनके भाई के मृत होने की सूचना दी होती तो वह अपने भाई को अंतिम बार देखकर उसके शव को कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर पाता। लेकिन, पुलिस ने अज्ञात में ही उसका अंतिम संस्कार करा दिया।

## न्यूज झरोखा

### कॉटन मिल तिराहा में आयोजित लंदन क्लिनिक में मतदाता जागरूक अभियान चला

**पहले मतदान फिर जलपान , डॉ आशुतोष राय**



**नैनी।** नैनी बुधवार को कॉटन मिल तिराहा में आयोजित लंदन क्लिनिक में मतदाता जागरूक करने के लिए डॉक्टर आशुतोष राय नाक कान गलासर्जन ने देश के नागरिक मतदाता और सरकार में नियुक्ति पाने वाले सांसद मंत्री हमारे द्वारा नियुक्त किए जाने पर समाज सेवक होते हैं हमारा आपका परम कर्तव्य है कि पहले मतदान करके स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी को जिताए मतदान करना हमारा परम कर्तव्य है मतदान करने की शक्ति का उपयोग हमारे परिवार हमारे मोहल्ले हमारे नगर हमारे जिले हमारे प्रदेश हमारे राष्ट्र समग्र विकास को प्रभावित करता है इसलिए मतदान अवश्य करें। जनता से अपील करते हुए डॉक्टर आशुतोष राय ने कहा पहले मतदान फिर जलपान अपने पूरे परिवार को ले जाकर के मतदान स्थान पर मत का प्रयोग करें जिससे देश की सर्वोच्च सभा सांसद के लिए अपना प्रतिनिधित्व चुना जा सके जागरूक मतदाता मंच के संरक्षक लंदन क्लिनिक कॉटन मिल तिराहा परिसर पर आयोजित मतदाताओं से अपील करते हुए आम नागरिकों से अपील किया मतदान अवश्य करें इस अवसर पर डॉक्टर आशुतोष राय अनूप सिंह आनंद जायसवाल रामसूरत पटेल कन्हैया लाल जायसवाल संजय श्रीवास्तव विष्णु शर्मा कार्यक्रम का संचालन पंडित वेद प्रकाश मिश्रा अधिवक्ता उच्च न्यायालय संयोजक जागरूक मतदाता मंच संरक्षक डॉक्टर आशुतोष राय ने सभी का धन्यवाद दिया और मतदान करने की अपील किया।

### किसान मोर्चा नैनी मंडल के कार्यकताओं ने सांसद प्रत्याशी का स्वागत किया

**जो भी प्रत्याशी आप चुने आपके क्षेत्र में काम करवा सके, पार्षद मयंक यादव**



**नैनी।** नैनी बुधवार को किसान मोर्चा नैनी मंडल के कार्यकताओं ने पंडित नीरज त्रिपाठी लोकसभा प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी 52 प्रयागराज से नैनी मंडल के कार्यकर्ता पहुंचकर उनके आवास पर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा महामंत्री उमेश सेन कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव ने किया। इस अवसर पर सुनील कुशवाहा नित्यानंद मिश्रा राज सिंह राजेश पटेल रमेश पटेल राकेश उपाध्याय लालता प्रसाद पाल शिवदानी सिंह पूर्व अध्यक्ष किसान मोर्चा नैनी मंडल संजय सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूजी यादव राणा श्रीवास्तव धर्मराज पटेल जनार्दन शुक्ला कार्यकताओं ने पंडित नीरज त्रिपाठी के लोहिया मार्ग पहुंचकर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# मेलाधिकारी बोले-बहानेबाजी नहीं, काम करिए

## एसआरएन अस्पताल में निरीक्षण करने पहुंचे थे विजय किरन आनंद, लापरवाही पर लगाई फटकार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** तेज तर्रार कअर अफसर मेलाधिकारी (महाकुंभ 2025) विजय किरन आनंद आज सख्त तेवर में दिखे। दरअसल आज वह रफ्ठ (स्वरूपरानी नेहरू) अस्पताल में महाकुंभ के दृष्टिगत चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वह यहां धीमी गति से चले कार्यों व अस्पताल के मेन रोड पर गाड़ियों की कतार देख नाराज हो गए। निरीक्षण के समय उप मेलाधिकारी विवेक चतुवेर्दी, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. एसपी सिंह, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सक्सेना, उप अधीक्षक गौतम त्रिपाठी, डॉ. मोहित जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**जिस शहर में कुंभ नहीं होता वहां कैसे काम होता है :** अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अजय सक्सेना व उप अधीक्षक गौतम त्रिपाठी ने सफाई दी कि गार्ड न होने की वजह से लोग कहीं भी गाड़ी खड़े कर देते हैं। मेलाधिकारी ने गार्ड के न होने का कारण पूछा तो जवाब दिया गया कि बजट नहीं है यह सुन मेलाधिकारी नाराज हो गए। उन्होंने कहा इतने बड़े अस्पताल के पास गार्ड रखने तक का बजट नहीं है.. क्या इसके लिए महाकुंभ का इंतजार कर रहे हैं जिस शहर में कुंभ या महाकुंभ नहीं हो रहा है वहां कैसे काम होता है यह बजट का रोना ठीक नहीं है, बहानेबाजी के बजाय काम करिए, जब काम नहीं करेंगे तो सुधार क्या होगा एसआईसी डॉ. अजय कुमार सक्सेना निरूत्तर दिखे।

**ठेकेदार ने कहा, गर्मी से श्रमिक भाग जा रहे :** मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने पंजीकरण के ऊपर चल रहे कार्यों की धीमी गति के बारे में सवाल किया। उन्होंने ठेकेदार से पूछा, काम शुरू हुए 6 माह बीत गए लेकिन अभी तक एक मंजिला नहीं पूरा हो सका? ठेकेदार ने अपनी लापरवाही को श्रमिकों के ऊपर ओढ़ाते हुए कहा, साहब.. गर्मी में श्रमिक भाग जा रहे हैं। इससे काम की गति धीमी हो गई है। फटकार लगाते हुए विजय किरन आनंद ने कहा कि है कि मेला क्षेत्र में हजारों श्रमिक व सफाईकर्मी लगाते हैं कोई नहीं भागता? उन्हें सम्मान देते हैं हम लोग.. ढट सर उनका पांव पखारते हैं। काम में तेजी लाइए, वरना दिक्कत हो जाएगी।

# हाईकोर्ट : अभियोजन का दावा...अब्दुल्ला आजम के जन्म प्रमाण पत्र में हुआ है फजीर्वाड़ा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान की ओर से दाखिल याचिका पर मंगलवार को अभियोजन पक्ष ने अपनी दलीलें पेश कीं। दावा किया कि आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के जन्म प्रमाण पत्रों में संशोधन नहीं, फजीर्वाड़ा हुआ है। 2006 से 2015 के बीच जारी तीन प्रमाण पत्रों में अंकित अलग-अलग जन्मतिथि और जन्मस्थान फजीर्वाड़े की कहानी खुद ब खुद बयां कर रहे। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत कर रही है। अगली सुनवाई छह मई को होगी।पिछले सोमवार को आजम खान के कुनबे का बचाव करते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और इमरान उल्ला ने कहा था कि जन्म प्रमाण पत्र में कानूनन संशोधन किया गया है। आरोप बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित है। मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव, अपर शासकीय अधिवक्ता जेके उपाध्याय और वादी भाजपा नेता आकाश सक्सेना के वकील शरद शर्मा ने कपिल सिब्बल की दलीलों को सिरे से नकार दिया। दावा किया कि आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम के पक्ष में तीन जन्म प्रमाण पत्र जारी है। इसमें 2006 और 2012 में रामपुर नगर पालिका से जारी प्रमाणपत्र में अब्दुल्ला का जन्म वर्ष 1993 और जन्म स्थान रामपुर दशार्या गया है। वहीं, लखनऊ से जनवरी 2015 में जारी तीसरे जन्म प्रमाण पत्र में जन्म वर्ष 1990 और जन्म स्थान लखनऊ अंकित है।दस्तावेजी साक्ष्य से स्पष्ट हो रहा है कि यह फजीर्वाड़ा मंत्री रहे आजम खान ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके किया है। इनका प्रयोग बेटे अब्दुल्ला को 2017 में चुनाव लड़ाने के लिए किया गया था। उस वक्त उनकी उम्र महज 24 वर्ष थी। फर्जी प्रमाण पत्र की वजह से वह चुनाव लड़ने के योग्य हो गए। भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने दर्ज मामले में आजम खान के पूरे कुनबे को रामपुर की जिला अदालत ने दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में आजम खान का पूरा कुनबा जेल की सलाखों के पीछे हैं।

### लोकसभा फूलपुर के शहर उत्तरी विधान सभा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन




**प्रयागराज।** लोकसभा फूलपुर के शहर उत्तरी विधानसभा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। इसमें अल्प संख्यक मोर्चा महानगर प्रयागराज की तरफ से फूलपुर प्रत्याशी प्रवीण पटेल जी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नवाब खान जी महानगर महामंत्री मनू चावला दूसरे महामंत्री सैयद उस्मान हुसैन उपाध्यक्ष मोहम्मद शरीफ रेहाना खातून शबाब खान इम्तियाज गुड्डू समसुल कमर अहमद नूर मोहम्मद नाजिम मोहम्मद अली मोहम्मद सरवर बिलाल अहमद अस्मत कमाल समीम फारूकी एखलाक हुसैन मुस्तफा अहमद मोहम्मद अदनान मोहम्मद मुजीब जसविंदर सिंह संजय श्रीवास्तव जी प्रशांत शुक्ला राकेश भारतीय मनोज शुक्ला रोहित जायसवाल आनंद दुबे आदि लोग मौजूद रहे ।

### देसी बम के साथ दो गिरफ्तार



**झूंसी।** चौकी इंचार्ज बालक राम सिंह ने बुधवार को दो लोगो को सात देशी बम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए बबलू मधुकर पुत्र स्वर्गीय जय राम मधुकर निवासी कटका व अजय केसरवानी पुत्र स्व. हरिश्चंद्र केसरवानी निवासी गोला बाजार झूंसी कई बार चोरी में जेल जा चुके है। गिरफ्तारी टीम में चौकी इंचार्ज नई झूंसी राम बालक सिंह, उप निरीक्षक प्रान्जुल कनौजिया, कांस्टेबल अनिल कुमार यादव, कांस्टेबल प्रदीप पासवान रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित करते हुए वहां पर मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के दिए निर्देश

**जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराने हेतु नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न**



**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप निर्वाचन सम्बंधी कार्यों की समयबद्ध तैयारी एवं निर्वाचन को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराने हेतु नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक नोडल अधिकारियों से उनके दायित्वों से सम्बंधित कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने मतदान कामिंर्को की नियुक्ति, रैण्डमाइजेशन, डाटा फीडिंग व उनके प्रशिक्षण से सम्बंधित समस्त कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी मतदान कार्मिक के खाता संख्या व आईएफएससी कोड गलत अंकित हो, तो अपने कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से सुधार करवा लें। जिलाधिकारी ने जनपद में मतदाता जागरूकता हेतु चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रमों के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक से जानकारी प्राप्त करते हुए हाईकोर्ट व डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से समन्वय कर विशेष जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर मतदान से सम्बंधी जानकारी दिए जाने हेतु चुनावी पाठशाला का आयोजन अवश्य कराये जाने व चुनावी पाठशाला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्यवृत्ति को रजिस्टर में अंकित किए जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने बीएलओ के माध्यम से हर घर जाकर मतदाता पर्ची वितरित किए जाने के साथ मतदाताओं को अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग किए जाने हेतु जागरूक करने के लिए भी कहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विगत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित करते हुए वहां पर वोटर टर्नआउट हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के निर्देश दिए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदेय स्थलों पर आधारभूत न्यूनतम सुविधाओं की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए प्रत्येक बूथ पर छाया, पीने के पानी, टॉयलेट, प्रकाश की व्यवस्था, मेडिकल किट, रैम्प सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कर लिए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्टेटों/उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने वेब कॉस्टिंग हेतु चिन्हित बूथों पर चार्जिंग प्वाइंट की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने व बूथ सम्बंधी विवरण की पेंटिंग कराये जाने हेतु सम्बंधित नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने मण्डी में जलकल विभाग के अधिकारियों से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नजूल से पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल की सम्पूर्ण व्यवस्था, मानचित्र, विधान सभावार निर्वाचन क्षेत्रों के स्ट्रांग रूमों की तैयारी, स्ट्रांग रूमों के अंदर ईवीएम रखे जाने हेतु चिन्हीकरण आदि कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों से निर्वाचन सम्बंधी समस्त कार्यों को निर्धारित किए गए दिशा-निदेर्शों के अनुसार समयबद्ध ढंग सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**जिला निर्वाचन अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का प्रथम रैण्डमाइजेशन सम्पन्न :** प्रयागराज। जिला निर्वाचन अधिकारी/ नवनीत सिंह चहल व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में बुधवार को संगम सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु ईवीएम मशीनों का प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभायें, शत प्रतिशत मतदान अवश्य करें: जिलाधिकारी

## डीएम ने माध्यमिक विद्यालयों की मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के माध्यमिक विद्यालयों की एक मतदाता जागरूकता रैली राजकीय इण्टर कालेज से निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली का उद्घाटन जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुये कहा कि मतदान दिवस के दिन जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभायें और मतदेय स्थलों पर जाकर शत् प्रतिशत मतदान अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि अपने परिवार, पड़ोसियों, क्षेत्रवासियों, रिश्तेदारों आदि सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित करें जिससे वे अपने घरों से निकलकर बूथों पर मतदान करने अवश्य जायें। सभी व्यक्ति मतदान दिवस पर प्राथमिकता के अनुसार वोट करें। उन्होने इस दौरान छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वह अपने माता-पिता को मतदान के लिये प्रेरित करें। मतदाता जागरूकता रैली राजकीय इण्टर कालेज से प्रारम्भ होकर राजापाल टंकी चैराहा, टेढ्ढजरी चैराहा, पीडब्लूडी कार्यालय, डीएम आवास और अम्बेडकर चैराहा होते हुये सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में जाकर समाप्त हुई, जहां पर सभी को जिला विद्यालय विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप सरदार सिंह ने उपस्थित प्रधानाचार्यो, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को मतदाता की शपथ दिलायी। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, बैनर और स्लोगन लिखे हुये मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये संदेश दिया। मतदाता जागरूकता रैली में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्लोगनों जैसे ''अब जागो प्यारे मतदाता-बनो देश के भाग्य विधाता, प्रतापगढ़ ने भरी उड़ान-शत् प्रतिशत करें मतदान, वोट डालने जायेगे-सशक्त लोकतंत्र बनायेगें, सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो आदि के माध्यम से जागरूक किया। रैली में राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, केपी हिन्दू इण्टर कालेज, अबुल कलाम आजाद इण्टर कालेज, डीएवी इण्टर कालेज, श्रीराम बालिका इण्टर कालेज, संत एंथोनी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसी प्रकार जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी और मतदाता शपथ दिलायी गयी। रैली में राजकीय इण्टर कालेज के कुलश्रेष्ठ तिवारी, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज कांपा डाक्टर विन्ध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य संत एंथोनी इण्टर कालेज फादर आनन्द कुमार जान, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कालेज गीता यादव, प्रधानाचार्य केपी हिन्दू इण्टर कालेज आदित्य प्रताप सिंह, डा0 मो0 अनीस, धर्मेन्द्र कुमार ओझा, प्रतिमा मिश्रा, सफिया, सरिता, डा0 प्रियंका सिंह, ममता सिंह, उमरा, मोहम्मद खालिद, बृजेश मिश्रा, संतोष मिश्रा, अशोक मौर्य, अशोक श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में अध्यापक और अध्यापिकायें उपस्थित रहे।



मतदाता जागरुकता रैली का फीता काटकर शुभारंभ करते डीएम।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे के मौली जिल्ला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई और बाईक मे पीछे बैठा साथी घायल हो गया जिसको सूचना पर पहुंची पुलिस उपचार के लिए कुंडा सीएचसी ले गई।

घटना के बारे मे बताया जा रहा है कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के किंयावा गांव निवासी आकाश यादव पुत्र छेदी लाल यादव (18) वर्षीय अपने बड़े भाई शिवकरन यादव की ससुराल मे शादी मे शामिल होने के लिए साथ में गांव के जय सिंह यादव पुत्र मनोज कुमार यादव (17) वर्षीय के साथ कुंडा के ग्यासपुर रम्मू का पुरवा गया था, जहां से लौटते समय कुंडा के मौली जिल्ला के पास अज्ञात वाहन ने बाईक को टर्क्क मारती हुई फरार हो गई जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से कुंडा सीएचसी भेजा जंहा चिकित्सको ने गंभीर रूप से घायल आकाश को मृत घोषित कर दिया और घायल जय सिंह को उपचार करने के बाद एस आर एन प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया। मौत की खबर मिलते जय परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजन लोग सीएचसी कुंडा पहुंच गये। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पी एम को जिला अस्पताल भेज दिया उधर घायल जय सिंह के भी परिजन लोग पहुंच गये।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवकी की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर से निमंत्रण के लिए निकला युवक टैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रामा सेण्टर मे चिकित्सकों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने टैक्टर चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के असरही गांव निवासी पचीस वर्षीय आकाश सरोज पुत्र छोटे लाल सरोज मंगलवार की रात करीब आठ बजे घर से पैदल पड़ोस के केशवपुर गांव में निमंत्रण जा रहा था। गांव के रास्ते पर नाले के पुल के समीप तीव्रगति से आ रहे टैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई विकास सरोज की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को टैक्टर चालक भेभौंरा निवासी अशरफ पुत्र अनवर खॉन के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कौशाम्बी लोकसभा में तीसरी बार ऐतिहासिक मतों से जीत तयः संजय भाटिया

## प्रदेश सह प्रभारी एवं सांसद संजय भाटिया ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 में बाबागंज विधानसभा का चुनाव कार्यालय नगर पंचायत हीरागंज बाजार एवं कुण्डा विधानसभा का चुनाव कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर में बुधवार को शुभारंभ किया गया। कार्यालय का फीता काटते हुए करते हुए प्रदेश सह प्रभारी एवं करनाल से सांसद संजय भाटिया ने उपस्थित जन समूह के बीच कहा कि आज जिस तरह से पूरे देश में मोदी जी को जनता का अपार जन समर्थन मिल रहा है, उससे यह निश्चित हो गया है कि अबकी बार 400 पार है। जब 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी तो कौशाम्बी लोकसभा से मेरा भाई विनोद सोनकर तीसरी बार विजयी होकर लोकसभा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि आज कार्यालय का शुभारंभ हो गया है। अब आप सभी को एक ही मिशन में लगना है। आज बाबागंज एवं कुण्डा विधानसभा में विकास का कार्य दिखाई पड़ रहा है। कभी सड़को पर बड़े-बड़े गड्ढे रहते थे। आज चमचमाती सड़क है। अंधेरे में कई गांवों के लोग रहने को मजबूर थे। आज गाँवो में भी बिजली जल रही है। यही नही अब लाईट भी कब जाती है। कोई मालूम ही नही पड़ता। आज विद्युत तार बदले जा रहे है। अब गांवो में शहर जैसे शुद्ध जल मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने करते हुए कहा कि जब 4 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम आयेगा तो एनडीए गठबंधन 400 रहेगा। कौशाम्बी लोकसभा में तीसरी बार कमल खिलाना है। बाबागंज एवं कुण्डा के कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है। इस बार कुण्डा बाबागंज से कमल खिलने जा रहा है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल,पूर्व जिलाध्यक्ष हरि ओम मिश्र,सांसद मीडिया प्रभारी एवं कौशाम्बी लोकसभा मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता मनोज तिवारी, डॉक्टर मनोज पाण्डेय, उदय शंकर पाण्डेय, अखिलेश द्विवेदी, अभय प्रताप सिंह पप्पन, चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू, प्रभा शंकर पांडेय, रणजीत सिंह कुशवाहा, राकेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते प्रदेश सह प्रभारी संजय भाटिया।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ रेलवे ट्रैक पर से नान स्टापेज लखनऊ से प्रयागराज को जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सामने बहन से किसी प्रकार का विवाद होने पर कूद कर आत्महत्या कर लिया घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। मामला वंदे भारत ट्रेन का होने के कारण आनन फानन मे जी आर पी व सिविल पुलिस मौके पर पहुंच गई।

घटना के बारे मे बताया जाता है कि कुंडा कोतवाली के रजनपुर निवासी चंद्रलाल मद्रास चेन्नई मे प्राइवेट नौकरी करता है घर पर पत्नी प्रभावती अपने दो बेटी व एक बेटे के साथ रहती है। बुधवार की दोपहर किसी बात को लेकर बहन शिवानी का अपनी बड़ी बहन से किसी बात को लेकर विवाद होने लगा विवाद काफी बढ़ जाने से नाराज शिवानी घर से बिना बताये निकल गई जो सूत्रों के मुताबिक घर से थोड़ी दूर आम के बाग़ मे रेलवे ट्रैक से थोड़ा हटकर बैठ गई लखनऊ से प्रयागराज को जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सामने लगभग साढ़े बारह बजे कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पी एम के लिए भेजा। परिजन लोग पीएम कराने के लिए इंकार कर रहे थे लेकिन पुलिस के समझाने पर परिजन लोग मान गये। घटना का विवाद नही पता चल सका कि आखिर वह कौन सी वजह थी जिसने शिवानी को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा खैर पुलिस पूछ ताछ मे पता चल जायेगा।

## तीस लीटर अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मुखबिर की सूचना पर दो अलग अलग घरों से तीस लीटर शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरोगा दीपक कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर कोतवाली के रमनी का पुरवा गांव निवासी अमित भारतीय पुत्र नबाब भारतीय तथा हीरावती पत्नी पप्पू भारतीय को इनके घर से पन्द्रह पन्द्रह लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दरोगा दीपक ने बताया कि आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपियो को जेल भेज दिया गया है।

## घर में घुसकर मारपीट में पांच पर केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के समापुर खीरी गांव निवासी राकेश वर्मा पुत्र स्व. श्रीनाथ वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर बीस अप्रैल को दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव के मोनू वर्मा पुत्र देवराज वर्मा, सोनू वर्मा पुत्र करमराज, वीरेन्द्र वर्मा पुत्र रामराज, देवराज वर्मा पुत्र कालू व धर्मराज ने घर में घुसकर उसे व उसके भाई राजेन्द्र वर्मा तथा पत्नी अर्चना को मारापीटा व घरेलू सामानों में तोडफोड़ किया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## मारपीट व तोडफोड़ पर दो के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट व तोडफोड की घटना को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के इदिलपुर निवासी अकरम खान पुत्र नसीम खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेरह अप्रैल को सुबह दस बजे वह बाइक से अपने घर आ रहा था। रास्ते में महिमापुर के पास अज्ञात स्कूटी सवार दो लोगों ने उसे जबरन रोक लिया। आरोपीगण पीडित को गाली देने लगे। मना करने पर पीड़ित को मारापीटा व उसका मोबाइल क्षतिग्रस्त कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में जांच के बाद पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## सती चरित्र व ध्रुव चरित्र की कथा प्रसंग का वर्णन सुन स्त्रोता हुये मंत्रमुग्ध

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हुलासगढ़ के विद्याधर में हो रही श्रीमद्भागवत भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास जय शंकर शुक्ल जी महाराज ने सती चरित्र व ध्रुव चरित्र की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कथा में शिव व सती के साथ ध्रुव व सुरुचि प्रसंग की सुनाते हुए कहा कि परिवार को बचाये रखने के लिए धैर्य की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्री हरि को प्रसन्न करने की कथा सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिये उम्र कोई बाधा नहीं होती है।भक्ति को बचपन मे ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उससे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती विद्या देवी बद्री प्रसाद मिश्र पूर्व प्रधानाचार्य ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। संयोजन अंकज मिस्र व विकास मिस्र, जे पी ने किया। व्यवस्था व प्रसाद वितरण प्रधान रोहित मिस्र व उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ रामा शुक्ल, विन्देश्वरी प्रसाद मिश्र, राजेन्द्र मिस्र, हरदेव मिस्र, राम जी मिस्र, वीरेंद्र मिस्र, रामेश्वर मिस्र आदि मौजूद रहे।

# सगाई के दिन प्रेमी के घर युवती का खून से लथपथ मिला शव

## प्रेमी और उसके परिजनों पर गोली मारकर हत्या का आरोप, मंगलवार देर शाम घर से गायब हुई थी युवती

### प्रेमी प्रेमिका को लेकर भागा तो क्यों मार दी गोली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** युवती का शव मिलने के बाद गांव में लोग आपस में चर्चा करते रहे कि सभी जानते हैं दोनों में दो साल से प्रेम चल रहा है। प्रेमी के बुलाने के बाद वह घर से निकली तो प्रेमी को उसे भग्ला ले जाना था, किंतु कौन सी नौबत आ गई कि उसने प्रेमिका को गोली मार दी। घर पर आई महिलाएं भी यही कहकर रो रही थी कि उसको भगा ले जाना था, मारने की क्या जरूरत थी।



युवती की मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

### मृतका के भाई की तहरीर पर चार लोगों पर हत्या का केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** छतरपुर स्थित रघना मे तुलसीराम की इबेटी शालू की गोली मारकर हत्या में अंतू पुलिस ने बुधवार दोपहर मृतका के भाई संतोष वर्मा की तहरीर पर गांव के ही जयचंद्र वर्मा उनकी मां शांति देवी उनके चचेरे भाई करमचंद तथा करमचंद की पत्नी मीरा देवी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** घर से गायब युवती की सगाई के दिन बुधवार सुबह उसकी लाश उसके प्रेमी के घर के भूसौले में तखत पर पड़ा मिला। युवती के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या की गई है। प्रेमी युवक तथा घर के पुरुष मौके से फरार है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ जितेंद्र सिंह, सीओ सिटी, एडिशनल एसपी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की।

अंतू थाना क्षेत्र के छतरपुर ग्राम सभा के रघना निवासी तुलसीराम वर्मा की बेटी शालू (21) इंटर की पढ़ाई के बाद घर पर ही रही थी। उसके पिता ने करीब 6 महीने पहले मोहनगंज निवासी शुभम वर्मा के साथ उसकी शादी तय की थी। बुधवार को लड़के वाले सगाई करने आ रहे थे। मंगलवार देर शाम युवती घर से अचानक गायब हो गई। परिजन देर रात उसकी तलाश करते रहे।

पता न चलने पर पिता तुलसीराम ने रात के करीब एक बजे बेटी के घर से गायब होने की सूचना अंतू पुलिस को दी। रात में पुलिस जांच करके वापस चली गई। बुधवार सुबह प्रधान द्वारा परिजनों को घर से करीब 200 मीटर दूर रामकिशन के घर के भूसौले में तखत पर शव पड़े होने की सूचना मिली। परिजन वहां पहुंचे तो शालू की तखत पर खून से सनी लाश पड़ी मिली। उसके सिर पर गोली मारी गई थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से रामकिशन और उनका बेटा जयचंद घर से फरार है। जानकारी के अनुसार रामकिशन के बेटे जयचंद्र से करीब दो साल से युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शालू के परिजन जय चंद्र से शादी करने को तैयार नहीं थे। करीब 6 महीने पहले परिजन शालू की शादी मोहनगंज के शुभम के साथ तय कर दिए थे। मृतका के भाई संतोष ने बताया कि शादी तय होने के बाद से जयचंद्र शादी न होने देने की धमकी दे रहा था। मृतिका शालू दो भाइयों की इकलौती बहन थी। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्रेम प्रसंग में हत्या का मामला सामने आ रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

# वर्तमान राजनीति में तीनों राजघराने हाशिये पर

### इनकी चुप्पी कहीं कोई गुल न खिलाए

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/लालगंज।** लोकसभा चुनाव में कालाकांकर किला, प्रतापगढ़ किला और भदरी राजघराना का दबदबा रहा। इस बार के लोक सभा चुनाव में नहीं दिखाई पड़ रहा है। बता दें कि इन्हीं तीन राजघरानों में 17 बार हुए चुनाव में से 13 बार राज घरानों का कब्जा रहा है।

सन 1952 और 1957 में मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की पारी खत्म होने पर 1962 में राजा अजीत प्रताप सिंह जनसंघ के चुनाव पर कांग्रेस को पराजित किया था जो बाद में कालाकांकर के राजा दिनेश सिंह के प्रभाव से कांग्रेस में शामिल हो गये थे, तब से लेकर लगातार दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह तीन बार सांसद बनीं। राजा अजीत प्रताप सिंह के पुत्र अभय प्रताप सिंह एक बार बने। राजा भइया के सहयोगी अक्षय प्रताप सिंह भी एक बार सांसद बने। इस प्रकार कुल 17 बार हुए चुनाव में 13 बार राजघरानों का दबदबा रहा लेकिन इस बार तीनों राजघरानों को किनारे कर नये राजनीति के रुप में लोकसभा का चुनाव हो रहा है जिसमें एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का भाजपा जहां फायदा उठाने का प्रयास कर रही है, वहीं सपा जातिवादी समीकरण लेकर भाजपा के सभी विरोधियों को एकजुट कर उन्हें टक्कर देने की कोशिश कर रही है। इस बार तीनों राजघरानों से किसी को टिकट नहीं मिला। सबसे ज्यादा धक्का कुण्डा विधायक राजा भइया को लगा जिन्होंने राज्यसभा के चुनाव में अपना और समर्थकों का वोट भाजपा को देकर उसकी लाज बचाई थी लेकिन भाजपा ने लोकसभा चुनाव में उन्हें कोई तवज्जो नहीं दी। आजादी के बाद देश में प्रथम लोक सभा का चुनाव 1952 में हुआ था, इस चुनाव में पंडित मुनेश्वरदत्त उपाध्याय जीत कर संसद पहुंचे थे।1957 में पुनः जनता ने पंडित मुनेश्वरदत्त उपाध्याय के सिर जीत का सेहरा बांधा। 1962 के लोस चुनाव में राजा अजीत प्रताप सिंह,1967 व 1971 में हुए लोकसभा के चुनाव में जनता ने कालाकांकर के राजा दिनेश सिंह को सांसद चुनकर दिल्ली भेजा। 1977 में रुपनाथ यादव बने संसद तो वहीं 1980 में पुनः दूसरी बार राजा अजीत प्रताप को जीत मिली। 1984 व 1989 में हुए लोस चुनाव में दोनो बार राजा दिनेश सिंह ने अपने नाम जीत दर्ज करके प्रतापगढ़ की सीट पर सबसे अधिक 4 बार सांसद बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज करा लिया। 1991 के लोस चुनाव में जीत का खिताब राजा अभय प्रताप सिंह के नाम जनता ने लिख दिया। 1996 में राजा दिनेश सिंह की बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह जिले की सांसद चुनी गई। 1998 में रजवाड़ों के सहयोग से डॉ0 राम विलास वेदान्ती सांसद बने। 1999 में पुनः राजकुमारी रत्ना सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज की। 2004 में हुए चुनाव में राजा भैया के करीबी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह ने जीत दर्ज कर रजवाड़ों के दबदबे को बनाए रखा। 2009 में राजकुमारी रत्ना सिंह ने तीसरी बार जीत का खिताब अपने नाम दर्ज करके पिता के बाद जिले की लोस सीट पर सबसे अधिक बार सांसद बनने के सिलसिले को कायम रखा। 2014 में हुए चुनाव में कुंवर हरिवंश सिंह ने जीत की रफ्तार को बरकरार रखा। 2019 के चुनाव में यहां की जनता ने जीत का ताज संगम लाल गुप्ता के सिर पर रख दिया।

### 17 बार हुए चुनाव में 13 बार रहा राजघरानों का दबदबा

### हनुमान जयंती पर नया माल गोदाम रोड पर पिलाया गया शर्बत

**प्रतापगढ़।** भीषण धूप व गर्मी में हनुमान जयंती के दिन जगह-जगह भण्डारा के अलावा शर्बत पिलाने का कार्य किया गया। शहर के नया माल गोदाम रोड पर समाज सेविका रीता सिंह के निर्देशन में दिन में 11 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक डेण्टल केयर सेंटर के सामने शर्बत पिलाने का कार्य चलता रहा। इस अवसर पर चार पहिया वाहनों, स्कूल बसों को रोककर भी शर्बत पिलाया गया। इससे बच्चे काफी खुश दिखाई दिये। इस अवसर पर डा0 अनुराग मिश्रा, अश्विनी सोनी, आनंद सोनी, सर्वजीत मिश्रा, अनुरुद्ध नारायण तिवारी, रीसू सिंह, मयंक सिंह, अभय पाण्डेय, जय प्रकाश पाण्डेय, प्रिंस सिंह, रवि जायसवाल, अजय मिश्रा, अभिषेक सिंह, सुमित सिंह, सचिन, अतुल शर्मा, भोले मिश्रा आदि लोगों ने शर्बत पिलाने के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# पेड़ से अंबिया तोड़ने गए चचेरे भाई बहन की तालाब में डूब कर मौत

अखंड भारत संदेश

## करारी थाना क्षेत्र के रहीमपुर मोलानी गांव में दो बच्चों की मौत से पूरे गांव में दुख का माहौल




**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के रहीमपुर मोलानी गांव में खेलते खेलते चचेरे भाई बहन तालाब किनारे आम के पेड़ के नीचे पहुंच गए वहीं तालाब के नीचे पड़ी अंबिया को दोनों बिन रहे थे इसी बीच पैर फिसलने से किशोरी तालाब में डूब रही थी तभी साथ में मौजूद चचेरा भाई बचाने के लिए हांथ बढ़ाया लेकिन उसका भी पैर फिसल गया दोनो पानी भरे गड्ढे में गिर गए। घर वाले खोज करते करते तालाब किनारे गए तो लड़की की फराक पानी में तैरती दिखी बच्ची को बाहर निकाल कर किशोर की खोजबीन शुरू हुई तो वह दल-दल में फसा हुआ मिला बाहर निकालते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के रहीमपुर मोलानी गांव निवासी आर्यन उम्र 7 वर्ष पुत्र सारधा व सोहानी उम्र 6 वर्ष पुत्री तीरथ दोनो चचेरे भाई बहन मंगलवार की शाम चार बजे घर के बाहर खेल रहे थे खेलते खेलते दोनो घर से थोड़ी दूर तालाब किनारे आम के पेड़ के नीचे पहुंच गए वहा पड़ी अमिया को दोनों बिन रहे थे तभी सोहानी उम्र 6 का अचानक पैर फिसल गया और वह डूबने लगी मौके पर मौजूद 7 वर्षीय आर्यन ने उसे बचाना चाहा लेकिन दोनो डूब गए परिजनों को खोज बीन के बाद पता चला की शिवानी की फाराक तालाब में दिख रही है शिवानी को निकाल कर आर्यन की तलाश की गई तो आर्यन तालाब के दल दल में फंसा हुआ मिला परिवार के लोगों ने दोनों बच्चों को तालाब से बाहर निकाल लिया है दोनो की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया गांव में एक मातम सा माहोल हो गया। मामले में करारी थाना प्रभारी को सूचना दी गई मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु भेज दिया है पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है।

## आदर्श पाली क्लीनिक पर कार्यवाही का उच्च न्यायालय ने दिया निर्देश

**कोखराज कौशाम्बी।** आदर्श पाली क्लीनिक अस्पताल के नियम विरुद्ध तरीके से संचालित किए जाने के मामले को लेकर उच्च न्यायालय में सार्वजनिक हित याचिका दाखिल कर अवैध तरीके से संचालित अस्पताल को बंद करने की याची ने मांग की थी मुकदमे की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के न्याय पूर्ति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशांबी को आदर्श पाली क्लीनिक अस्पताल की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही का निर्देश 23 अप्रैल को दिया है सरकारी नियमों को पूरा न करने वाले इस अस्पताल में इलाज के दौरान कई लोगों की मौत हो चुकी है अस्पताल संचालक के पास मरीजों के इलाज का लेखा-जोखा नहीं है कम पढ़े-लिखे लोगों द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है जिससे उनके मर्ज बढ़ जाते हैं अस्पताल में रजिस्ट्रेशन का मानक भी नहीं पूरा हो रहा है लेकिन उसके बाद अस्पताल का संचालन बेखौफ तरीके से होता रहा कई बार समाचार पत्र के माध्यम से खबर प्रकाशित कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया शिकायती पत्र भी लोगों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को देकर अस्पताल संचालक के कारनामे को बताया लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी गलत तरीके से संचालित अस्पताल को नहीं बंद कर सके जिस पर उच्च न्यायालय में सार्वजनिक हित याचिका दाखिल कर अस्पताल पर कार्यवाही की मांग की गई थी सुनवाई के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फटकार लगाते हुए अस्पताल पर नियमानुसार कार्यवाही का निर्देश उच्च न्यायालय ने दिया है।

# पत्नी को जहर खिलाकर मौत के घाट उतारने के बाद पति हुआ फरार

## पति संजय ने विवगिता की जमकर पिटाई करने के बाद जबरिया खिला दिया जहर



**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में पत्नी को जहर खिलाकर मौत के घाट उतारने के बाद उसका पति घटनास्थल से फरार हो गया है महिला के मौत के बाद उसके ससुरालजन इसे आत्महत्या करार दे रहे हैं जबकि बालिका के पिता ने हत्या किए जाने का आरोप लगाकर थाना पुलिस को तहरीर दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव की मनीषा देवी उम्र 29 वर्ष पुत्री रामप्रसाद की शादी छह साल पहले दानपुर निवासी संजय कुमार पुत्र बद्री प्रसाद लोधी के साथ हुई थी।दंपत्ति के चार वर्ष की एक लड़की और दो वर्ष का एक लड़का है मनीषा के भाई का कहना है कि संजय उसके पिता और उसके भाई दहेज की डिमांड कर रहे थे और आए दिन मारपीट करते थे दहेज की डिमांड ना पूरी होने पर पति जेठ और ससुर ने मिलकर विवाहिता को जहर खिला दिया है और अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने विवाहिता की मौत की पुष्टि कर दी है विवाहिता की मौत के बाद उसका पति फरार हो गया है। गांव वालों के अनुसार मंगलवार रात को भी दोनों के बीच किसी बात पर विवाद हुआ था तो पति संजय ने उसकी जमकर पिटाई की है बताया जाता है कि पिटाई करने के बाद उसको जबरिया जहर खिला दिया गया है।जिससे उसकी मौत हो गई।वही पति मौके से फरार हो गया।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना के बाद विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह का कहना है कि परिजन की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो महीने बाद भी महिला के हत्यारे को गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी ग्रामीण बैरिया गांव में महिला की हत्या को 2 महीने से अधिक बीत जाने के बाद भी महिला के नामजद हत्यारो को थाना चौकी पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी महिला के परिवार के लोग लगातार थाना से लेकर पुलिस अधिकारियों तक हत्यारो की गिरफ्तारी की गुहार लगा रहे हैं। घटनाक्रम के मुताबिक 02 फरवरी को हमले में घायल महिला सुग्गन देवी की इलाज के दौरान 11 फरवरी को मौत हो गयी थी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन घटना को ढाई महीने बीत जाने के बाद महिला के हत्यारो की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है खुलेआम हत्यारे घूम रहे हैं हत्यारे कहां है इस बात को मृतक महिला के परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दो महीने पहले बताया भी था लेकिन परिजनों के बताने के दो महीने बाद भी हत्यारो को गिरफ्तार करने का प्रयास थाना और चौकी पुलिस ने नहीं किया है हमले में मृतक महिला के पति बनारसी लाल और उसकी पुत्रवधू ननकी देवी भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। हमलावरों की गिरफ्तारी ना किए जाने से थाना और चौकी पुलिस के कारनामों पर सवाल खड़े हो रहे हैं महिला के हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं जिन्हें पुलिस क्यो गिरफ्तार नहीं करना चाहती है आखिर किस दबाव में महिला के हत्यारे को थाना चौकी पुलिस पनाह दे रही है यह जन-जन की जुबान में है महिला के हत्यारे को पनाह देने के मामले में परिजनों ने महीनों पहले पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी ।

# ठेकेदार की दबंगई से आजिज होकर सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत का किया घेराव

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों ने वेतन काटने और असमय वेतन देने पर आज नगर पंचायत कार्यालय का घेराव कर दिया कई दर्जन कर्मचारियों ने कार्यालय का घेराव करते हुए ठेकेदार की मनमानी और दबंगई पर विरोध करते हुए नारेबाजी की है ।अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह और कार्यालय कर्मियों ने ठेकेदार से फोन पर बात कर वेतन विसंगति को ठीक करने के आश्वासन पर सफाई कर्मी अपने घरों को रवाना हुए हैं।

नगर पंचायत अझुवा आउटसोर्सिंग का ठेका फर्म अर्चना एसोसिएट के रामराज मिश्र को मिला हैं जिनमे 72 महिला पुरुष कर्मचारी तैनात हैं जो नगर पंचायत की सफाई,विद्युत,पानी आदि कार्यों में लगाए गए हैं आउट सोर्सिंग कर्मचारियों बेनी,विनय, मिलन रॉय,विनोद मिश्र,शंकर,गीता देवी, संगीता देवी,रीता देवी,रेशमा देवी सत्येंद्र यादव,तेजपाल आदि ने बताया कि मौजूदा फर्म के ठेकेदार कभी समय से वेतन नहीं देते,होली त्योहार बीत गया अब उसका वेतन लगाया गया लेकिन किसी कर्मी का 1500 रूपया कटा है ,किसी का 2 हजार किसी का 3 हजार इसके अलावा रविवार को भी कर्मी पूरा सफाई आदि करते हैं किंतु 31 दिन के महीने में 27 दिन का वेतन और 30 दिन के वेतन में 26 दिन का वेतन दिया जा रहा है ।हड़ताल और हंगामा के बाबत नगर कर्मियों ने ठेकेदार को फोन कर मौके पर बुलाया तो सफाई कर्मचारियों के अनुसार ठेकेदार के 3 करिंदे आए और कर्मचारियों को गाली गलौज करने लगे अक्रोशित सफाई कर्मियों ने एक करिंदे को दौड़ा लिया शोर गुल सुन चौकी पुलिस के जवानों ने करिंदे को चौकी में बिठाकर मामले को शांत कराया अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया कि ठेकेदार द्वारा लेट तनख्वाह डाली गई त्योहार बीतने के बाद वेतन विसंगति की गई ठेकेदार से बात हो गई है एक दो दिन में जिस भी कर्मचारी का पैसा कम लगाया गया है, या पैसा काटा गया है उसका पैसा पुनः लगाने को ठेकेदार ने बोला है। वहीं नगर पंचायत के वरिष्ठ सभासद सुघर सिंह ने कहा हम पिछले 3 पंचवर्षीय से सभासद हैं आज तक कभी भी सफाई कर्मचारियों के साथ ऐसा सलूक नही देखा न तो उनकी तनख्वाह काटी गई अर्चना एसोसिएट का ठेकेदार दबंगई से कार्य करवाना चाहता है हम नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ हैं उनके साथ ऐसा बर्ताव नहीं होने दिया जाएगा इस मौके पर वरिष्ठ सभासद सुरेश केसरवानी, सभासद मनोज त्रिपाठी, सभासद रामबाबू मोदन वाल सहित तमाम सभासद नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

### देश के प्रधानमंत्री सफाई कर्मियों का पैर धोकर देते हैं सम्मान, अझुवा आउट सोर्सिंग ठेकेदार के करिंदे करते हैं गाली गलौज, 31 दिन के महीने में 27 दिन का वेतन और 30 दिन के वेतन में 26 दिन का वेतन दिया जा रहा है



## न्यूज झरोखा

### दो दिवसीय यूपी इंटर नेशनल रेटिंग चेस चैंपियनशिप संपन्न



**कौशाम्बी।** आयु वर्ग 17 यूपी इंटरनेशनल रेटिंग चेस चैंपियनशिप संपन्न हुआ। यूपी इंटर नेशनल रेटिंग चेस का आयोजन राम जी होटल कोखराज में दो दिनों से हो रहा था। समाप्ति के दौरान सचिव राघवेंद्र शुक्ल के द्वारा चयनित खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। सात चक्र की समाप्ति के बाद परिणाम निम्न प्रकार से हैं। पहले स्थान पर प्रयागराज के अर्नव अग्रवाल दूसरे स्थान पर प्रयागराज के मो0 हसनैन सिद्दीकी तीसरे स्थान पर प्रयागराज के प्रबल पांडे चौथे स्थान पर सहारनपुर के श्रेयस राज पांचवें स्थान पर आगरा के श्रेयांस सिंह इसी प्रकार बालिका वर्ग में पहले स्थान पर प्रयागराज की अर्चिता अग्रवाल दूसरे स्थान कानपुर की सुमुखी शुक्ला तीसरे स्थान वाराणसी की विधि एंजलिना चौथे स्थान पर कानपुर की तन्मयता प्रयागराज से प्रिया यादव को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ। सचिव राघवेंद्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 120 खिलाड़ी 20 प्रतिभाग किए हैं। यह प्रतियोगिता बालक वर्ग के सात चक्रो में की जायेगी और बालिका वर्ग की छः चक्र में आयोजित की गई है। दोनों वर्गों के पहले दो खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में लखनऊ से आर्बिटर आनन्द रायबरेली से आर्बिटर आदित्य, चन्द्र प्रकाश, शिव शंकर यादव, आभास सहित आदि लोग मौजूद रहे हैं।

### गालीबाज कौशांबी सांसद का सोशल मीडिया में वीडियो हुआ वायरल

#### अपने नाम के आगे लगाते है यशस्वी सांसद

**कौशाम्बी।** लोकसभा कौशांबी क्षेत्र के माननीय यशस्वी सांसद विनोद सोनकर किस तरह से गाली गलौज कर रहे हैं सनातन धर्म और भारतीय सभ्यता की बात करने वाले सांसद की अमर्यादित भाषा सुनकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चा होने लगी हैं जमीन खरीद बिक्री की बात करने के दौरान सांसद ने गाली गलौज शुरू कर दी है वीडियो में साफ सुनाई पड़ रहा है कि कौशांबी सांसद किस तरह से गुंडई की बात कर रहे हैं। भाजपा से सांसद विनोद सोनकर का गाली गलौज वाला विडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है वायरल विडियो में प्लाट से संबंधित बातों से सांसद विनोद सोनकर भड़क गए और बेबाक तरीके से गाली देने लगे अन्य व्यक्ति ने कहा ई मान लेव सांसद जी बहुत.फिर सांसद विनोद सोनकर बोले कि जमीन ओमीन करंट पैदा कर रही है आओ हमरे साथ झलवा की तरफ इनकी दाई माईं किया जाए इनकी मां का .... भो-----णा आओ हमरे साथ इनका चहेट देब एक दिन मा, कौशांबी सांसद विनोद सोनकर का गुंडई वाला विडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है समाजवादी पार्टी के नेताओं ने गाली बाज सांसद के वीडियो को एक्स ट्विटर पर डाल दिया है मतदाताओं का कहना है कि इन्हें अब कैसे यशस्वी और माननीय कहा जाए।

### चोरों के सामने नतमस्तक चरवा पुलिस

#### दर्जनों चोरियों का खुलासा करने में नाकाम साबित है चरवा पुलिस

**कौशाम्बी।** चरवा थाना पुलिस इन दिनों चोरों के आगे नतमस्तक दिखाई पड़ रही है थाना क्षेत्र में दर्जनों से ज्यादा चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है चोरों को पकड़ने की तो बात छोड़ो पुलिस चोरों का सुराग भी नहीं पाई केवल मुकदमा लिखकर चोरी के सभी मामलों को ठंडे बस्ते में डाल कर पुलिस चैन से सो रही हैं। इस वाक्य पर एक कहावत याद आती हैं की चोर मस्त पुलिस पस्त, चोरी की सूचना पर पुलिस जांच के नाम पर मुंह दिखाई करती नजर आती है और मुकदमा लिखने तक चरवा पुलिस सीमित रह गई है।

### नीलगाय से टकराए बारात से लौट रहे बाइक सवार

**कौशाम्बी।** सैनी थाना अंतर्गत रामपुर बढ़नावा, शहजादपुर के दो युवक श्याम बाबू पुत्र चंद्रभान एवं राज लाल पुत्र सटकू बारात से वापस घर जा रहे थे, जैसे ही ये लोग रात्रि लगभग 02:30 बजे कड़ा ब्लॉक के अलीपुर जीता गांव के पास पहुचे तेज रफ्तार नीलगाय से इनकी जोरदार टक्कर हो गयी जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में दोनों को 108 एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी सीएचसी कड़ा में भर्ती करवाया गया। घर वालों को इसकी सूचना दे दी गयी है।

### घर के बाहर खडी पूर्व ब्लाक प्रमुख की बाईक चोरी

**कौशांबी।** नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा कस्बा स्थित पूर्व ब्लाक प्रमुख सुभाष सिंह के घर बाहर खडी हीरो स्पेलेंडर बाईक बीती रात चोरी हो गई,थाना पश्चिम शरीरा से महज 50 मीटर की दूरी पर पूर्व बलाक ब्लाक प्रमुख का अवास है घटना की जानकारी सुबह हुई,जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है,पुलिस मौके पर पहुँच कर जांच पडताल मे जुट गई है।

### ना डिग्री ना अनुभव फिर भी कर रहे दांत का इलाज

**हर्रायपुर कौशाम्बी** दांत के इलाज करने के लिए मूरतगंज कस्बे में शर्मा डेंटल क्लिनिक सहित पूरे कौशाम्बी जिले के विभिन्न कस्बो में जगह-जगह कुकुरमुत्ता की तरह डेंटल क्लीनिक की दुकान खुल गई है जहां मरीजों को इलाज के नाम पर जमकर शोषण किया जाता है डेंटल क्लीनिक की खुली दुकानों में है 90 प्रतिशत से अधिक क्लीनिक संचालकों के पास ना तो डिग्री है ना अनुभव है लेकिन उसके बाद भी दांत के मर्ज का इलाज कर लाखों रुपए महीने की अवैध कमाई करने में डेंटल क्लिनिक के कथित डॉक्टर मशगूल है मूरतगंज स्थित शर्मा डेंटल क्लीनिक के अस्पताल में दांत के इलाज में मरीजों का मर्ज तो ठीक नहीं होता है बल्कि मरीजों की पीड़ा बढ़ जाती है लेकिन फिर भी हजारो रुपए मरीजों से वसूल लिया जाता है प्रतिदिन चल रहे इस लूट के खेल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अनजान बनने की कोशिश कर रहे हैं जबकि जिले के मूरतगंज भरवारी सिराथू मनौरी सराय अकिल चायल मंझनपुर पश्चिम शरीरा सहित विभिन्न कस्बा में कई दर्जन डेल्टल क्लीनिक की दुकान कुकुरमुत्ता की तरह खुली है जिनमे अधिकतर के पास पंजीकरण नहीं है दांत का इलाज करने वाले लोगों के पास डिग्रियां नहीं है इतना ही नहीं इलाज करने वाले इन कथित दाँत के चिकित्सकों के पास अनुभव भी नहीं है ।

# लूटने के अलावा सांसद विनोद सोनकर कोई काम नहीं गिना सकते : इंद्रजीत सरोज




**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज ने कहा कि उनका काम बोलता है। उन्होंने कौशांबी जनपद में बहुत से काम किए हैं जिसकी सराहना आज भी जनता अपनी जुबान से कर रही है। उन्होंने जिले में सीएमओ बैठाया, जेल बनवाया, पालीटेक्निक कालेज, आश्रम पद्धति विद्यालय, आईटीआई कालेज, मंडी, गेस्ट हाउस, रोड, नहर सहित इत्यादि चीजों को बनवाए हैं। इस दौरान उन्होंने मंच से अपने कार्यकाल में कौशांबी में कराए गए विकास कार्यों का बखान करते हुए कहा कि सांसद विनोद सोनकर एक भी काम नहीं कराए हैं और यदि कोई काम कराए हैं तो गिना कर दिखाएं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि लूटने के अलावा सांसद विनोद सोनकर ने कोई काम नहीं किया है इसलिए विनोद सोनकर कोई काम नहीं गिना सकते हैं। सांसद विनोद सोनकर सिर्फ जमीन कब्जा किए हैं। उन्होंने कहा कि हम काम किए हैं इसलिए हमारा काम बोलता है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन में मतदान करने की अपील की है।

## बारात के दौरान डीजे बजाने को लेकर बारातियो और घरातियों में विवाद

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में शादी समारोह में बारात के दौरान डीजे बजाने को लेकर बारातियो और घरातियों में विवाद हो गया,विवाद के दौरान मारपीट शुरू हो गई,दोनो पक्षों में जमकर ईंट पत्थर चले और मारपीट हुई मारपीट में दोनो पक्ष के दर्जन भर लोग घायल हुए है,घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है और जांच पड़ताल कर रही है खबर लिखे जाने तक किसी पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात को करारी थाना क्षेत्र के अगियौना गांव से संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नजरगंज मूरतगंज बारात आई थी बरात में डांस के लिए डीजे में मनपसंद गाना बजाने को लेकर विवाद शुरू हो गया,विवाद बढ़ा तो दोनो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई,मारपीट के दौरान जमकर लात जूते,ईंट पत्थर चले,घटना में लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए है,जिनमे से कई की हालत नाजुक बताई जा रही है,सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# स्थान बदल बदल कर संदीपन घाट थाना क्षेत्र में हो रहा है प्रतिदिन लाखों का जुआ

अखंड भारत संदेश

### संगठित अपराधों पर रोक लगाए जाने का पुलिस अधिकारियों का आदेश इस थाना क्षेत्र में साबित हो रहा बेकार

**महगाव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कोइलहा गांव में प्रतिदिन जुआं की फड़ सज रही है दिन भर अपराधियो बदमाशों की भीड़ लगी रहती है स्थान बदल बदल कर लाखों रुपए का प्रतिदिन जुआ होता है बताया जाता है कि एक सिपाही और जुआ संचालक से गहरे संबंध है जुआ फड़ से मिलने वाली वसूली की रकम से जुआ संचालक से सिपाही हिस्सा वसूल रहा है संगठित अपराध पर रोक लगाए जाने का बार-बार डीजीपी से लेकर पुलिस अधीक्षक तक निर्देश दे रहे हैं लेकिन पुलिस अधिकारियों का आदेश इस थाना क्षेत्र में बेअसर साबित हो रहा है

संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कोइलहा गांव में मजार के पीछे बेधड़क लाखों की जुआ खेलाई जा रही है, जुआं खेलने गये एक जुआरी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कोइलहा गांव का रहने वाला एक मुस्लिम युवक इस जुए का संचालन कर रहा है। सुबह होते ही फड़ क्षेत्र के जुआरियों से सज जाती है जहां पर लाखों का वारा न्यारा किया जाता है जुआं संचालक द्वारा बराबर नाल वसूली की जाती है जिसमें से कुछ हिस्सा स्थानीय थाना के एक सिपाही तक पहुंचा दिया जाता है जुआरी ने आगे बताया कि उक्त सिपाही ने जुआ संचालक को ज़िले की एसओजी टीम और थाना पुलिस से बचाने का भरोसा दें रखा है। जिसके दम पर जुआ संचालक बेधड़क जगह बदल बदल कर जुआ खेलवा रहा है, जुआरियों के फड़ पर कई संगीन अपराधियों को भी देखा जाता है जो जुएं में बाजी हार कर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं कई बड़ी घटनाओं को जुआरी अंजाम दे चुके हैं हाल ही में कोइलहा गांव के प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने दो बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसका खुलासा कर पाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराकर कार्यवाही कराने की मांग किया है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर सहित अन्य सुविधायें सुनिश्चित करने के दियें निर्देश



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यालय कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की उपलब्धता से सम्बन्धित कार्यवाही समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को बूथां पर पेयजल एवं मतदाताओं के लिए छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को वेब कास्टिंग के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों में विद्युत से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही यथा-साकिट आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को मेडिकल किट से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को मॉडल बूथ एवं पिंक बूथ बनाये जाने के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप प्रतिशत संकलन ऐप का दिया गया प्रशिक्षण

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए उदयन सभागार में समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप एवं कार्यां/दायित्वों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया ।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट को एमपीएस ऐप (मतदान प्रतिशत संकलन ऐप) के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि बीएलओ द्वारा 15 मई 2024 तक मतदाता पर्ची का वितरण कर दिया जायेंगा, भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता पर्ची वितरण का आकस्मिक जॉच आप लोगों द्वारा किया जाना हैं। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को ईवीएम, मॉकपोल एवं मतदान केन्द्र भ्रमण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपने कार्यों/दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायें। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय ने सेक्टर मजिट्रेटों को उनके कार्यां/ दायित्वों यथा-मॉकपोल एवं वास्तविक मतदान की प्रक्रियाओं, मतदान से पूर्व के कार्य/दायित्व, मतदान दिवस पर कार्य/दायित्व एवं मतदान समाप्ति के बाद के कार्य/दायित्व आदि की विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



## संपादक की कलम से

# निर्वाचन आयोग का निराशाजनक रवैया

भारतीय राजनीति का यह सर्वाधिक दुखद पहलू है कि जिस व्यक्ति पर सार्वजनिक जीवन में अनुशासन, नैतिकता एवं मूल्यों के संरक्षण की प्रमुख जिम्मेदारी है, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही उनकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। भविष्य में जब भी इस कालखंड का उल्लेख होगा तब एक ऐसे निर्वाचन आयोग की भी बात होगी जिसमें कहा जायेगा कि देश की जनता ने अब तक इससे अधिक कमजोर व लाचार निर्वाचन आयोग नहीं देखा था। राजीव कुमार के नेतृत्व में कार्यरत केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने जो पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है, उसने राष्ट्र निमार्ताओं के उन सपनों को बिखेर दिया है जिन्होंने स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं बनाई थीं ताकि सरकारों की मनमानी न चले और लोगों के अधिकारों की रक्षा हो।

मौजूदा निर्वाचन आयोग को देखते हुए कोई इस बात की कल्पना भी नहीं कर सकता कि ऐसा भी समय देश ने देखा है कि (कुछ अपवादों को छोड़कर) कई मजबूत प्रधानमंत्रियों एवं उनकी सरकारों को निर्वाचन आयोग सिर नहीं उठाने देते थे। सारी शासकीय मशीनरी को अपने अधीन रखते थे और मातहतों को निष्पक्षता, स्वतंत्रता तथा दबंगई के साथ काम करने की प्रेरणा देते थे। इस मामले में वह किस्सा जरूर सामने रखा जाना चाहिये जब मुम्बई के विले पार्ले विधानसभा के उपचुनाव में शिवसेना के उम्मीदवार डॉ. रमेश प्रभू ने कांग्रेस के प्रभाकर कुंटे को हरा दिया था। बात 1987 की है। चुनाव हारने पर कुंटे ने बाम्बे हाईकोर्ट में जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत याचिका लगाई कि डॉ. प्रभू की सभाओं में शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे ने धर्म के नाम पर वोट मांगा था। यह सच भी था। ठाकरे अपनी सभाओं में कहते थे कि 'शिवसेना हिन्दुओं की रक्षा के लिये चुनावी मैदान में है और वह मुस्लिम वोटों की चिंता नहीं करती।' हाईकोर्ट ने आरोपों को सही ठहराते हुए प्रभू का चुनाव रद्द कर दिया। डॉ. प्रभू ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई पर शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आरोपों को सही मानते हुए 1990 में दिये अपने फैसले में सजा बरकरार रखी। कुंटे को निर्वाचित घोषित किया गया।

चुनाव आयोग के समक्ष यह सवाल आया कि डॉ. प्रभू को तो उनके किये की सजा मिल गई परन्तु ठाकरे को क्या सजा मिले क्योंकि वे किसी सदन के सदस्य या पद पर तो थे नहीं। इसी भारतीय निर्वाचन आयोग ने ठाकरे को 6 वर्षों के लिये मताधिकार से वंचित कर दिया। 'हिन्दू हृदय सम्राट' कहलाने वाले ठाकरे, जिनकी मुम्बई ही नहीं पूरे महाराष्ट्र में तूती बोलती थी, पूरे छह वर्ष तक अपनी ऊंगली पर मतदान के बाद लगने वाली स्याही को देखने के लिये तरस गये। अगर कोई सोचे कि ऐसा कड़ा निर्णय टीएन शेषन ने लिया होगा, तो ऐसा नहीं है। उनका पदार्पण तो बाद में हुआ और उन्होंने अपनी और भी दबंग अधिकारी के रूप में छवि बनाई जिनका लोकप्रिय तकिया कलाम था- 'मैं नाश्ते में राजनीतिज्ञों को खाता हूं।'

बहरहाल, भारतीय लोकतंत्र को जिन लोगों ने सर्वाधिक कमजोर किया है और कई अन्य संस्थाओं के साथ सरकार के सामने घुटने टेके हैं, उनमें निर्वाचन अयुक्त प्रमुख हैं। वे देश की प्रशासकीय प्रणाली को ध्वस्त करने में उतने ही जिम्मेदार हैं जितनी कि केन्द्रीय जांच एजेंसिया या कुछ और संस्थाएं। निर्वाचन आयोग पर जिम्मेदारी सर्वाधिक होती है क्योंकि यह लोकतांत्रिक प्रणाली की मूलभूत प्रक्रिया को संचालित करता है। मताधिकार तो प्रजातांत्रिक व्यवस्था का आधार है और उसे ही आयोग ने ध्वस्त कर दिया। मौजूदा आयोग पर इतने आरोप लगे हैं कि उसके सामने सबसे बड़ा संकट उसकी विश्वसनीयता का है।

भाजपा के खिलाफ किसी भी तरह की बात सुनने के लिये आयोग मानो तैयार ही नहीं होता, सुनवाई या फैसले की कौन कहे? शुरूआत यहां से की जाये कि आयोग पर आरोप लगता रहा कि वह विधानसभा हो या लोकसभा के चुनाव, उसके कार्यक्रम पीएम मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आदि के प्रचार अभियानों की सहूलियतों के अनुसार बनते हैं। ईवीएम को लेकर विपक्षी दल लगातार उनसे मिलने की मांग करता रहा परन्तु आयोग के पास इसके लिये वक्त ही न निकला। पिछले कुछ समय से देखा गया है कि प्रचार सम्बन्धी शिकायतों को लेकर वह दोहरा रवैया अपनाता रहा है। भाजपा के खिलाफ की गई शिकायतों पर वह कोई कार्रवाई नहीं करता जबकि विरोधी दलों को या तो तुरंत नोटिस जारी करता है या उनके नेताओं के प्रचार पर कुछ या काफी समय तक तुरन्त रोक लगा देता है। चुनावी आचार संहिता लागू होने के बावजूद जिस प्रकार से विपक्षी दलों के नेताओं को जांच एजेंसियों के जरिये गिरफ्तार किया जा रहा है, उससे साफ संदेश गया है कि इसके पीछे भाजपा का उद्देश्य उन्हें प्रचार से रोकना है। आयोग इसे लेकर खामोश बैठा रहा।

हालिया चुनाव में तो नरेंद्र मोदी व भाजपा ने सारी हदें ही पार कर दी हैं लेकिन चुनाव आयोग पूर्णत: मौन है। श्री मोदी और उनकी पार्टी का जहां एक ओर साम्प्रदायिक एजेंडा जमकर बोल रहा है वहीं लगातार झूठ बोलकर कांग्रेस व विपक्ष को बदनाम किया जा रहा है, जो कानूनों का सरासर उल्लंघन है। जनप्रतिनिधित्व कानून ही नहीं, सामान्य अपराध संहिता व न्याय प्रक्रिया के भी वह खिलाफ है। कांग्रेस के घोषणापत्र को नरेंद्र मोदी ने 'मुस्लिम लीग से प्रभावित' बताया जबकि उसमें कहीं इसका जिक्र तक नहीं। ऐसे ही, पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के भाषण को यह कहकर पेश किया कि 'कांग्रेस मंगलसूत्र तक लेकर मुस्लिमों में बांट देगी।' निर्वाचन आयोग की ऐसी भीरूता लोकतंत्र ही नहीं, देश के साम्प्रदायिक सौहार्द्र को तक मिटा देगी। इसके खिलाफ आवाज उठनी चाहिये।

# सूरत बता रहा गुजरात के राजनैतिक मॉडल का सूरत-ए-हाल

**- डॉ. दीपक पाचपोर**

सूरत लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होना था, परन्तु भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को इसके बहुत पहले सोमवार को निर्वाचित होने का सर्टिफिकेट दे दिया गया। कारण है उनका निर्विरोध निर्वाचन। कहने को तो उनके खिलाफ कांग्रेस के निलेश कुंभानी, बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती आदि समेत 11 लोग चुनावी मैदान में थे। इनमें से कुछ स्थानीय छोटे दलों से थे तो कुछ निर्दलीय प्रत्याशी थे।

एक ओर तो तमाम सर्वे बतला रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने खुद के बल पर 370 और अपने गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस (एनडीए) के साथ 400 सीटें जीतने का जो लक्ष्य रखा है वह हासिल करने योग्य बिलकुल नहीं है, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा के सारे नेता और स्टार प्रचारक जिस प्रकार से कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन पर हमलावर हैं- वह भी कमर के नीचे वार करते हुए- उससे भी साफ है कि स्वयं भाजपा जान चुकी है कि यह लक्ष्य पाना नामुमकिन है, लेकिन गुजरात के सूरत में जो हुआ है अगर भाजपा उसी तरीके से चुनाव लड़ने जा रही है तो कहा जा सकता है कि वह 400 तो क्या 4000 सीटें भी पा सकती है, जैसा कि जुबान फिसलने के कारण जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार मोदी की मौजूदगी में ही एक सभा में बोल पड़े थे। वैसे सूरत लोकसभा सीट पर जो सियासी तमाशा हुआ है वह देश के संसदीय इतिहास का अभूतपूर्व मामला है। यह इस बात का भी संकेत है कि भारत की राजनीति किस ओर जा रही है और आने वाले दिनों में देश का सूरत-ए-हाल क्या होगा। चेतावनी की घंटी इसी को कहते हैं। इस घटना से यह पता चलता है कि भाजपा 400 पार जाने के लिये कितनी उतावली है और उससे यह भी समझा जा सकता है कि उसे रोका जाना क्यों आवश्यक है।

सूरत लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होना था, परन्तु भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को इसके बहुत पहले सोमवार को निर्वाचित होने का सर्टिफिकेट दे दिया गया। कारण है उनका निर्विरोध निर्वाचन। कहने को तो उनके खिलाफ कांग्रेस के निलेश कुंभानी, बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती आदि समेत 11 लोग चुनावी मैदान में थे। इनमें से कुछ स्थानीय छोटे दलों से थे तो कुछ निर्दलीय प्रत्याशी थे। यहां तक कि कांग्रेस ने वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला को भी खड़ा किया था, पर दोनों के नामांकन खारिज कर दिये गये और 8 उम्मीदवारों ने एक के बाद एक निर्वाचन अधिकारी से यह कहकर अपने नामांकन वापस ले लिये कि उनके नामांकन प्रपत्रों पर जो हस्ताक्षर हैं, वे उनके नहीं हैं। अब ये सारे प्रत्याशी लापता हैं। सोमवार ही नामांकन वापसी की अंतिम तारीख थी। इस सियासी किस्से में कई लोचे हैं।

सवाल तो यह है कि जब नामांकन पत्र पर निर्वाचन अधिकारी यानी डीएम के ही समक्ष दस्तखत होते हैं और प्रस्तावकों की भी भौतिक उपस्थिति में दस्तखत करने होते हैं तो उनके नकली होने का सवाल ही कहां पैदा होता है। आनन-फानन में सर्टिफिकेट देने का मतलब है कि मामले की फाइल अब बन्द हो गई है। जिसे जाना है वह कोर्ट जाये। मजेदार बात तो यह है कि कुंभानी के प्रस्तावकों के हस्ताक्षर फर्जी होने का भी आरोप भाजपा उम्मीदवार की ओर से लगाया गया था। इन प्रस्तावकों में कुंभानी के बहनोई, भतीजा एवं कारोबारी पार्टनर शामिल थे।

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे

**– ललित गर्ग –**



शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअ? से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्र्योग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में र्स्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार ??आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है। पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है ह्वविश्वमानवह्ल का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए। रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा ह्यडर्टी बमह्न का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा।

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। लेकिन रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास एक गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिये कराया है। इस युद्ध से होने वाली तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा, जो दुनिया की बड़ी चिन्ता का सबब है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निमार्ता है, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

# चाहे जितनी कोशिश कर लें मोदी जी! मुसलिम तैश में नहीं आने वाले!

**-श्रवण गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



प्रधानमंत्री की राजस्थान, अलीगढ़ और गोवा की सभाओं के बाद साफ हो गया कि जीत के लिए अंतिम हथियार के रूप में हिंदू-मुसलिम ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल ही अब चुनाव के बाकी चरणों में होने वाला है। मोदीजी ने इस विषय पर अपनी सभाओं में क्या और कितना आपत्तिजनक कहा उसे यहाँ इसलिए दोहराने की इसलिए जरूरत नहीं कि उनका ह्यगोदी मीडियाह्न यह काम मुस्तैदी से कर रहा है।

प्रधानमंत्री के कहे को लेकर मुसलमान कतई उत्तेजित या नाराज नहीं हैं। वे जानते हैं मोदी जी उन्हें तैश में लाकर उनकी मदद में उतरने के लिए ही यह सब कर रहे हैं। मुसलमानों की ठंडी प्रतिक्रिया को लेकर संघ में ऊपरी तौर पर कोई नाराजगी नहीं है। भाजपा के भी कुछ इलाकों ने इस पर राहत की साँस ली है। पहले चरण के बाद और दूसरे चरण के मतदान-पूर्व रुझानों को लेकर जिस तरह की खबरें मुसलिम बस्तियों में पहुँच रही हैं वह भी ठंडी प्रतिक्रिया का एक कारण हो सकता है।

मुसलिमों में भी ह्यअल्पसंख्यकह्न माने जाने वाले कुछ समझदारों का मानना है कि मतदान प्रथम चरण के रुझानों का सिलसिला अगर एक जून तक जारी रहता है और इस बीच सीमा पार से उनकी ही जमात के कुछ सिरफिरे भाई-बंदों द्वारा पिछली बार जैसी मदद मोदीजी के राष्ट्रवाद के लिए नहीं पहुँचाई जाती है तो उनके अच्छे दिनों की शुरूआत भी जल्द हो जाएगी। मुसलमानों के तर्क पर यकीन किया जाए तो उनके खिलाफ सुनाई पड़ने वाली मोदी जी के भाषणों की ध्वनि हकीकत में अपने ही ह्यहिंदू भाइयोंह्न को संगठित कर यह जाँचने के लिए है कि कहीं वे धर्मनिरपेक्ष तो नहीं बन गए! विभाजन की जुबान के जरिए मोदी अपने पारंपरिक हिन्दू वोट बैंक को सुरक्षित करने की कोशिश कर रहे हैं।

आरएसएस के अंग्रेजी मुखपत्र ह्यऑर्गनाइजरह्न ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों में हुई भाजपा की करारी हार के बाद अपने संपादकीय में चेतावनी दी थी कि केवल मोदी की छवि और हिंदुत्व के बल पर ही 2024 का मुकाबला नहीं किया जा सकेगा। कर्नाटक के परिणामों की समीक्षा में इस तथ्य को भी पूरी तरह से गायब कर दिया गया था कि बोम्मई सरकार के चौदह मंत्री चुनाव हर गए थे। उनमें कई बड़े-बड़े नेता भी थे।

प्रधानमंत्री और उनके सलाहकारों ने न सिर्फ. कर्नाटक में हार के बाद लिखे गए ह्यऑर्गनाइजरह्न के संपादकीय का संज्ञान नहीं लिया, तेलंगाना में भी हुई कांग्रेस की जीत से भी कोई सबक नहीं लिया। उसके उलट, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में हुई भाजपा की जीत को बजाय कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरी, संसाधनों की कमी और उसकी आपसी लड़ाई का परिणाम मानने के मोदी की छवि का करिश्मा और हिंदुत्व की विजय मान लिया गया। वही अब उल्टा पड़ रहा है। पहले चरण में जो कुछ राजस्थान में दिखाई दिया वही आगे के चरणों में पूरे देश में नजर आएगा। लोकसभा चुनावों का मतदान प्रारंभ होने से पहले, सभी सर्वेक्षणों में बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार को जनता के बीच नाराजगी के मुख्य के रूप मुद्दों में गिनाया गया था। ह्यमंदिरह्न और ह्यहिंदुत्वह्न सबसे कम महत्व के विषयों के तौर पर बताए गये थे। इस सबका मोदीजी की पूर्व-निर्धारित चुनावी रणनीति पर कोई असर नहीं पड़ा। पहले चरण के मतदान के बाद जब जनता के मूड का पता चला तो हाथ-पैर फूल गए। बड़ा सवाल यह है कि 2024 के चुनावों को मोदी जी के छवि के साथ-साथ क्या 'मंदिरह्न और ह्यहिंदुत्वह्न की जरूरत-कम जरूरत के सवाल पर भी जनमत-संग्रह मान लिया जाए ? सवाल को इस परिप्रेक्ष्य में भी देखा जा सकता है कि अधिकांश लोगों ने सर्वेक्षणों में कहा था कि भारत सभी धर्मों के लोगों के लिए है। यह किसी एक धर्म के लोगों का देश नहीं है। आम लोगों की भावनाओं के विपरीत मोदीजी ने एक समुदाय विशेष पर खुलकर आक्रमण करना प्रारंभ कर दिया है।

दुनिया में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी मुसलिम आबादी पर प्रधानमंत्री जिस तरह से प्रहार कर रहे हैं क्या उसका विपरीत असर उन मतदाताओं पर भी नहीं पड़ रहा होगा जिनकी गिनती मोदी-समर्थकों में होती है ? उदाहरण के लिए चर्चित दक्षिणपंथी लेखिका और पत्रकार मधु पूर्णिमा किश्वर के ताजा ट्वीट को लिया जा सकता है 'After hearing PM Modi resort to such a lowly tactic to garner Hindu votes yesterday, I am convinced MODI belongs to THE DUSTBIN OF HISTORY !'

एक मुद्दा यह भी है कि दूसरे दलों से भाजपा में भर्ती होकर चुनाव लड़ने वाले सौ से अधिक उम्मीदवारों (जिनमें एक बड़ी संख्या पुराने कांग्रेसियों की है) और एनडीए के घटक दलों ने क्या मोदी के इस नए रौद्र रूप की पहले से कोई कल्पना की होगी ? उन्हें अगर पता होता कि मोदी चुनावों को इस दिशा में ले जाने वाले हैं तो वे क्या करते ? चुनावों के बाद क्या करने वाले हैं ? किए जा रहे दावों के मुताबिक अगर भाजपा को उतनी सीटें नहीं प्राप्त होती हैं (जैसा कि प्रचारित किया जा रहा है) तो चुनाव परिणामों का निष्कर्ष क्या निकाला जाएगा ? अगर सीटें मिल गईं तो उसके देश के लिए परिणाम क्या होंगे ? बहुमत नहीं मिलने की स्थिति में क्या मान लिया जाएगा कि कट्टर हिंदुत्व को मतदाताओं ने नकार दिया है ? मोदी ने जिस रास्ते को अपनाया है उससे संघ को कोई नाराजगी इसलिए नहीं होना चाहिए कि गुजरात के नेता का दिल्ली में अवतरण गोधरा कांड के बाद उभरी उनकी सफल अल्पसंख्यक-विरोधी छवि के चलते ही करवाया गया था, ह्यविकास पुरुषह्न के नाते नहीं ! संघ को तो प्रसन्न होना चाहिए कि मोदी उसी के एजेंडे को इतने आक्रामक तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। सच तो यह है कि देश के मुसलमान मोदी के प्रति संघ की कथित नाराजगी को जुमलेबाजी से ज्यादा कुछ नहीं मानते हैं। उनके लिए संघ की मोदी के प्रति कथित नाराजगी महज दिखावा और विपरीत परिणामों की स्थिति में बचाव का एक कवच मात्र है। मुसलमान जानते हैं मोदी अगर तीसरी बार सत्ता में काबिज हो गए तो जश्न ह्यइस्लामह्न पर ह्यहिंदुत्वह्न की फतह के रूप में मनाया जाएगा। पराजय हुई तो उसका कारण मोदी का परफॉरमेंस बता दिया जाएगा, हिंदुत्व नहीं। इसीलिए मुसलमानों का सारा ध्यान इस समय मोदी को हराने पर है, प्रधानमंत्री के ह्यदुष्प्रचारह्न से लोहा लेने पर नहीं। मोदी इस सत्य को जानते भी हैं। मोदी को ज्यादा चिंता इस बात की हो सकती है कि उनके कहे के बाद भी हिंदुओं को गुस्सा क्यों नहीं आ रहा है ? क्या वे भी मुसलिमों से मिल गए हैं ? अगर आ रहा है तो फिर प्रकट क्यों नहीं हो रहा है ?

# केरल पर भी सियासी जहर का असर

**@ राकेश अचल**

सर्वाधिक शिक्षित केरल पर भी नागपुरिया सियासत का जहर असर दिखाने लगा है। यहां के एक निर्दलीय वामपंथी समर्थक विधायक ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को लेकर एक अत्यंत अमर्यादित टिप्पणी की है। इस टिप्पणी से राहुल गांधी पर तो कोई असर नहीं होगा लेकिन केरल की प्रतिष्ठा को धक्का अवश्य लग रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हिंदू - मुसलमान वाले बयानों पर केंद्रीय चुनाव आयोग की चुप्पी की वजह से राजस्थान से जो जहर फैलना शुरू हुआ वो अब केरल तक जा पहुंचा है। केरल के वामपंथी समर्थक नेता ने राहुल गांधी के डीएनए को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्हें राहुल के गांधी होने पर शक है।

अनवर ने कहा कि वे बहुत नीचे गिर गए हैं। मुझे शक है कि राहुल गांधी का जन्म नेहरू परिवार में हुआ था। मेरे ख्याल से उन्हें अपने सरनेम में गांधी का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

अनवर ने यह बात राहुल गांधी के उस बयान के खिलाफ कही, जिसमें उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा था कि दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कैसे नहीं हो रहा? यह थोड़ा हैरान करने वाला है।

राहुल के इस बयान से आईएनडीआईए ब्लॉक गठबंधन नेताओं, कांग्रेस और माकपा के बीच चल रहा मतभेद और बढ़ गया है। दुख की बात ये है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अनवर को डांटने के बजाय उनका बचाव करते हुए कहा- राहुल को बोलते हुए सावधान रहना चाहिए। राहुल ने विजयन के खिलाफ कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की थी।एक सामान्य बात कही थी। विजयन चूंकि वामपंथी हैं इसलिए उन्हें दूध का धुला होने का तमगा नहीं दिया जा सकता। बहरहाल इस समय देश की फिजा में चौतरफा जहर ही जहर है। अकेले भाजपा इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। सभी राजनीतिक दलों में लगता है कि जहर फैलाने की होड़ लगी है। मौजूदा हालात में केंद्रीय चुनाव आयोग का निकम्मापन खुलकर सामने आ गया है। केंचुए के पास इतनी ताकत नहीं है कि वह बदजुबानी के लिए किसी को भी आंखें दिखा सके। उसके लिए अनवर हों या परम स्वतंत्र आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सब बराबर हैं। केंचुआ केवल कांग्रेसियों को ही एडवाइजरी जारी कर सकता है, उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई शिकायत पर संज्ञान लेने की हिम्मत केंचुए में है ही नहीं।

अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव जिस माहौल में हो रहे हैं उसे देखकर लगता है कि नयी लोकसभा भी जहरीली सियासत की तरह जहर बुझी ही होगी। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुसंख्यक समाज में मुसलमानों को लेकर जो भ्रम फैला रहे हैं, उसकी भनक सत्रहवीं लोकसभा में भाजपा सांसद बिधूड़ी के एक मुस्लिम सांसद पर दिए गए भाषण में बहुत पहले मिल चुकी है। मुस्लिम सांसद भले ही बसपा के थे, लेकिन थे तो हिंदुस्तान के।

मतदाताओं को समझना होगा कि यदि वे मुसलमानों को लेकर घृणा फैलाने वालों के फेर में आ गए तो वे भी उस जघन्य पाप के भागीदार बन जाएंगे जो पाप भाजपा और मोदी जी खुल्लम खुल्ला कर रहे हैं। केंचुआ उनका सहायक है। अदालतें स्वयं संज्ञान ले नहीं सकतीं। यानि नेताओं को जहर घोलने की पूरी आजादी है।

देश में कोई भी सरकार रही हो उसने कभी किसी से छीनकर किसी दूसरे को नहीं दिया। दे भी नहीं सकती। भाजपा में भी इतना दम नहीं है कि वो मुसलमान से छीनकर हिंदू को दे दें। भाजपा तीसरी क्या दस बार भी सत्ता में आ जाए देश के 20 करोड़ मुसलमानों को न देश निकाला दे सकती है और न उन्हें बुलडोजर से रोंद सकती है। सियासी बुलडोग भी मुसलमान को नुक्सान नहीं पहुंचा सकते।

केंचुए की लापरवाही और सत्ता प्रतिष्ठान से तालमेल का है खामियाजा देश को न भुगतना पड़े, इसके लिए जरूरी है कि सभी विपक्षी दल सांप्रदायिकता का जहर फैलाने वालों से जूझे में न कि आपस में उलझें। सांप्रदायिक ताकतों की कोशिश तो यही है कि विपक्षी आपस में ही लड़ मरें। विपक्ष को अकेले केरल नहीं बल्कि पूरा देश बचाना है।

# बूथ जितना सशक्त, परिणाम उतना शानदारः स्वतंत्रदेव सिंह

## भाजपा चुनाव संचालन समिति बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत करते कर्याकार्त।


भाजपाइयों को जीत का मंत्र देते स्वतंत्र देव सिंह।

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव कार्यालय में चित्रकूट विधानसभा में चुनाव संचालन समिति की बैठक जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई। बतौर मुख्य अतिथि सूबे के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में लोकसभा संयोजक ब्रजकिशोर गुप्ता, जिला प्रभारी अनिल यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि बूथ प्रबंधन, विधानसभा लीगल टीम, मीडिया प्रबंधन, प्रचार-प्रसार सामग्री, साहित्य, सोशल मीडिया, हाईटेक अभियान, वीडियो वैन, यात्रा व प्रवास, वाहन व्यवस्था, प्रवासी कार्यकर्ता, लाभार्थी संपर्क, सामाजिक संपर्क, युवा संपर्क, महिला संपर्क, अनुसूचित जनजाति झुग्गी झोपड़ी, विशेष संपर्क व्यवसायिक एवं सामाजिक, चुनाव कार्यालय मतगणना प्रमुख सभी विभागों से सीधे संपर्क करें। चुनावी युद्ध दौरान लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की भूमिका अहम होती है। आक्रामक रणनीति बनाकर जमीन पर क्रियान्वयन किया जाये। बूथ जितना सशक्त, परिणाम उतना ही शानदार होगा।

उन्होंने कहा कि सपा-बसपा-कांग्रेस धराशायी हो चुके हैं। 2024 के चुनाव में भाजपा फिर आएगी। तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार बनेगी। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपाइयों के लिए भाजपा मां है। मां के सम्मान में कार्यकर्ता विकसित राष्ट्र के निर्माण को एक कर देंगे। प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को जिताने व नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने को रात-दिन एक कर देंगे।

लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा के निष्ठावान व त्यागी कार्यकर्ताओं को देखकर अभिभूत रहते हैं। जिस दल के पास मोदी व योगी जैसी अगुवाई करने वाले हों, ऐसे कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की सेना हो- वह हर हाल में विजयी होता है। वास्तव में सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास को धरातल पर उतार लाये हैं। मोदी की गारंटी सर्व समाज का विश्वास बन गयी है। इस मौके पर लोकसभा सह संयोजक शिवशंकर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, तीरथ तिवारी, आलोक पांडे, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, बाबूलाल पटेल, दिनेश पटेल, विपुल प्रताप सिंह, शिवाकांत पांडे, अखिलेश रैकवार, सुरेश अनुरागी, रामरतन प्रजापति, शुभम केशरवानी, दशरथ प्रजापति, अर्चना सिंह, रवि गुप्ता, अभिषेक ओझा, बृजेश शुक्ला, ममता सिंह, विनीत द्विवेदी, राजीव तिवारी, संजय पांडे आदि मौजूद रहे।

# किसकी सह पर हो रही है नाबालिग की शादी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की ने गांव के लडके पर पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था।

बुधवार को लडके की मां अन्नू निषाद ने नाबालिग लड़की की उम्र सात जनवरी 2024 को 16 वर्ष दिखाई गई थी। चार महीने में नाबालिग लड़की कैसे बालिग हो गई। शिकायतकर्ता ने नाबालिग लड़की की उम्र पर सवाल उठाये हैं। डीएम-एसपी व मऊ थानाध्यक्ष को सौंपे पत्र में कहा कि 24 अप्रैल को नाबालिग लड़की की शादी हो रही है। थाना मऊ पुलिस सब कुछ जानकर अनजान बनी है। सरकारी नियमों को दरकिनार कर किसकी सह पर उसकी शादी की जा रही है।

## राजापुर-गनीवा सम्पर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले राजापुर-गनीवा बूढा-कर्वी मार्ग राजापुर, खटवारा, चनहट, अनीपुर कछिया, गनीवा, बूढ़ा, बालापुर, रगौली जिला जेल, कंठीपुर, सपहा, कसहाई, कर्वी को जोड़ता है। इस सड़क मार्ग में सांसद आरके सिंह पटेल का पैतृक गांव व महत्वपूर्ण तकनीकी शिक्षण संस्थान व डिग्री कालेज हैं। बुधवार को इस मार्ग पर गड्ढा मुक्त किये कुछ माह हुए हैं। अब य सड़क मार्ग पूरी तरह से आधा मीटर गहरे गड्ढे में तब्दील हो गया है। इस मार्ग में चलने वाले किसान, मजदूर, तीर्थ यात्री, शिक्षक, विद्यार्थी आदि सरकारी कर्मियों को भारी परेशानी हो रही है। लोगों ने मांग की है कि इस सड़क को बरसात के पहले सुधारा जाये, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न उठानी पडे।

## 26 अप्रैल से सात मई तक छात्रवृत्ति को दें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा 11-12 व अन्य दशमोत्तर कक्षायें शैक्षिक सत्र 2023-24 में आनलाइन आवेदन से वितरण को 11 जनवरी संशोधित समय सारिणी जारी की गई है। बुधवार को उन्होंने बताया कि समय सारिणी अनुसार दूसरे चरण में त्रुटिपूर्ण आवेदन में छात्रों का स्तर सही करने को 26 अप्रैल से तीन मई तक आनलाइन आवेदन वांछित संलग्नकों समेत छात्र-छात्रायें शिक्षण संस्थान में जमा करें। शिक्षण संस्थान छात्रों के अभिलेख से मिलान कर आनलाइन आवेदन मिलना व अपात्रों के आवेदन निरस्त करना व पात्रों के आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने को 26 अप्रैल से सात मई निर्धारित है। अनुसूचित जाति/जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा 11-12 पाने को संबंधित शिक्षण संस्थान को सूचित किया कि समय सारिणी अनुसार कार्यवाही करें। ज्यादा जानकारी को जिला समाज कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

# हनुमान जयंती पर निकली झांकी, धूमधाम से मनाई

**अखंड भारत संदेश**


हनुमान जयंती पर सिन्धु सभा व बूडे हनुमान में पूजा करते भक्तगण।

**चित्रकूट।** हनुमान जन्मोत्सव पर भारतीय सिन्धु सभा की जिला इकाई ने सचिव मुनिराज के प्रतिष्ठान के बाहर राम भक्तों को प्रसाद बांटा। इस मौके पर खासतौर से चन्द्रभान, ऋषी, मुनिराज, राधिका, शायना, दामिनी, नेहा, मान्या व उदल मौजूद रहे। इसी क्रम में मंदाकिनी तट पर दक्षिण मुखी बूडे हनुमानजी मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई। 11 सौ दीपों से मंदिर में रोशनी की। संगीतमयी सुंदरकांड हुआ। बूंदी-ठंढई बांटी गई। हजारों लोगों ने मंदिर पहुंचकर बजरंगी सरकार के दर्शन किये। भंडारा में प्रसाद चखा। मंदिर के पुजारी रामजीदास महाराज ने बताया कि हनुमान जयंती पर अखंड रामचरितमानस पाठ हुआ। मंगलवार को पूर्णाहुति पर हवन-पूजन के बाद भंडारा हुआ। सैकड़ों लोगों ने मंदिर में प्रसाद ग्रहण किया। शाम को गंगा आरती में हरिनारायन की टीम ने संगीतमयी सुंदरकांड पेशकर भक्तों को भावविभोर किया। मंदिर परिसर में 11 सौ दीप जलाये। भव्य आरती हुई। बूंदी व ठंढई बांटी गई। सवेरे से लेकर देर रात तक भक्तों का मंदिर में आवागमन बना रहा। हजारों लोगों ने बूडे हनुमानजी के दर्शन किये। इस मौके पर गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, फतेहपुर के श्रीनिवास तिवारी, राठ के बीरू सेठ, आनंद सिंह पटेल, हेमू तिवारी, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह समेत भक्त मौजूद रहे।

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकाली। रामायण मेला परिसर स्थित राम जानकी मंदिर में कामतानाथ प्रमुख द्वार के मुख्य संत मदन गोपाल दास महाराज व विभाग के पदाधिकारी रामशरण तिवारी, अमित मिश्रा ने पूजन-अर्चन कर यात्रा शुरु कराई। यात्रा में हनुमान जी की आकर्षक झांकी केंद्र रही। दर्शन करने को लोगों का हुजूम उमड़ा। लोगों ने जगह-जगह झांकी की आरती-वंदना की। सीतापुर अस्पताल में सभी लोगों ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। आखिर में रामघाट में हनुमान जी की आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में विहिप जिलाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिवेदी, जिला मंत्री नीरज केशरवानी, सहमंत्री सिद्धार्थ पांडेय, जिला संयोजक अंकित पटेल, जमुना प्रसाद, उमा, शक्ति, अन्नू सोलंकी, स्वप्निल मिश्रा, राहुल पाल, रोहित सोनी, अंशु भटनागर, कामता चतुर्वेदी आदि समेत सैकड़ों हिंदू भाई-बहन व भक्त मौजूद रहे।

# अभिलाष बने सपा छात्र सभा राष्ट्रीय सचिव

**अखंड भारत संदेश**


अभिलाष यादव।

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान इदरीश ने सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव पद पर जिले के अभिलाष यादव को जिम्मेदारी सौंपी है।

बुधवार को सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान इदरीश ने संगठन का विस्तार करते हुए अभिलाष यादव को राष्ट्रीय सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी। वे जिले के कर्वी नगर के द्वारिकापुरी पुरानी बाजार के हैं। शिक्षा सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर से 2012 में इंटर के बाद 2016 से राजनीति शुरु की है। 2019 में युवजन सभा के जिला सचिव बने थे। 2019 से अब तक जिले में युवजन सभा के जिला सचिव के बतौर कार्य किया है। अभिलाष की निष्ठा-ईमानदारी के मद्देनजर राष्ट्रीय नेतृत्व ने राष्ट्रीय सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। जिले से राष्ट्रीय सचिव पद मिलने पर अभिलाष यादव ने सपा मुखिया अखिलेश यादव व छात्र सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान इदरीश के प्रति आभार जताया है। भरोसा दिया कि कर्तव्य-निष्ठा व ईमानदारी से पार्टी मुखिया की नीतियों का प्रचार करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव, सदर विधायक अनिल प्रधान, जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव समेत जिले के ने सपा नेताओं ने सपा मुखिया के प्रति आभार जताते हुए उन्हें मिठाई खिलाई।

# रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पसियाना मोहल्ला के कमल बौरिया पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस पुलिस को लिखे पत्र में कहा कि वह होम पैकेजिंग कम्पनी बडी 682 इंडस्ट्रियल एरिया सोनीपत हरियाणा में काम करता है। अन्य कम्पनी में राजा पुत्र इमामुद्दीन व सोहेल खान पुत्र राजा मोहल्ला दुर्गाकुंज कर्वी चित्रकूट लेबर ठेकेदारी करते हैं। राजा व सोहेल ने उसे बुरी-बुरी गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर हाथ-पैर तोडवाकर जान से मारने की धमकी दी है।

बुधवार को पसियाना मोहल्ला के कमल बौरिया ने कहा कि वह इन दिनों घर कर्वी आया है। रविवार को शाम साढे चार बजे दुर्गाकुंज स्थित भैरोंबाबा के दर्शन कर घर आ रहा था। किशोरीलाल की दुकान के पहले लाठी-डंडा लिए बैठे राजा का चचेरा भाई अलताब अली पुत्र अब्दुल रज्जाक व मुस्तकीम आदि ने उसे ललकारते हुए कहा कि लेबर ठेकेदारी बन्दकर अब भूल से सोनीपत न जाना। पीडित के एतराज करने पर बाप-बेटों ने लाठी-डंडों से पिटाई की। गुहार लगाई व 1076 व 112 में फोन लगाया। पुलिस के आने पर उसे घायल दशा में थाने में रिपोर्ट लिखाने को कहा। अभी तक उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पीडित ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

## परिषदीय स्कूलों का समय बदला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय की मांग पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर भीषण गर्मी के चलते परिषदीय स्कूलों के खुलने का समय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने बदल दिया है। बुधवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने बताया कि कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। स्कूल समय में भीषण गर्मी के प्रकोप के चलते जिलाधिकारी के निर्देश नी सभी परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों तथा मान्यता प्राप्त एवं अशासकीय सहायता प्राप्त आदि विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के संचालन समय में छात्रहित के मद्देनजर अग्रिम आदेशों तक सवेरे सात बजे से दोपहर साढे 12 तक किया जाता है। आदेश का सख्ती से पालन किया जाये।

## आबकारी आरोपी को हुआ 15 सौ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार आनंद कुमार ने न्यायालय से आबकारी अधिनियम के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व 15 सौ रुपये के जुर्माना से दंडित कराया। बुधवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की पैरवी व अभियोजन अधिकारी हरिओम की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय जेएम द्वितीय सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी ने थाना मानिकपुर में दर्ज आबकारी अधिनियम आरोपी रामनिहोरी पुत्र नत्थुराम ऊंचाडीह को न्यायालय उठने तक की सजा व 15 सौ रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

# संत निरंकारी मिशन ने देशभर में लगाये रक्तदान शिविर

## चित्रकूट में 28 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अखंड भारत संदेश**



रक्तदान करते लोग।

**चित्रकूट।** मानव एकता दिवस पर संत निरंकारी सत्संग भवन कर्वी में संत निरंकारी मिशन सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने सत्संग बाद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सवेरे दस बजे से दोपहर एक बजे तक मुखी शिवभवन की देखरेख में हुआ।

बुधवार को शहर समेत पहाडी, राजापुर, अगरहुंडा, मानिकपुर आदि स्थानों से निरंकारी सेवादल व श्रृद्धालुओं ने 28 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में जिले समेत झांसी, बांदा, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर सत्संग भवनों में हुए। मानव एकता दिवस पर सभी शाखाओं में सत्संग हुआ। रक्तदाताओं को जलपान व्यवस्था थी। शिविर में सेवायें सेवादल ने की। रक्त संग्रह को जिला चिकित्सालय व सद्गुरू सेवा ट्रस्ट जानकीकुण्ड के डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। दोनों टीमों ने 28 यूनिट रक्त संग्रहीत किया। संत निरंकारी मंडल सचिव/समाज कल्याण विभाग के प्रभारी जोगेन्दर सुखीजा ने बताया कि सद्गुरु माता की असीम कृपा से हर वर्ष की भांति समूचे विश्व में विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की शाखाओं ने रक्तदान शिविर लगाया था। ये जानकारी मीडिया सहायक सचिन श्रीवास्तव ने दी।

# गैर इरादतन हत्या में सात साल की हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सिंचाई को खेत में बिछाये करंट युक्त तार में उलझकर किसान की मौत मामले में सत्र न्यायाधीश ने तार बिछाने के आरोपी को सात वर्ष की सजा व दस हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया।

बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाने के बराछी गांव के कुशल का पुरवा के रमाकान्त उर्फ कंचन ने थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि उसके पिता कौशल किशोर (55) पुत्र स्व शिवमोहन खेत में सिंचाई करने को गए थे। बगल के खेत वाले रामपुर गांव के धर्मराज सिंह ने खेत की सिंचाई को खेत से लोहे की नंगी करंट युक्त तार जमीन से होते हुए खेत ले गया था। पूर्व में भी खुली तार होने से करंट लगने की आशंका जाहिर कर तार हटाने को कहा था। धर्मराज नहीं माना, नौ मार्च 2022 को अपरान्ह ढाई बजे खेत में सिंचाई करने दौरान पिता कौशल किशोर करंट युक्त तार की चपेट में आकर झुलस गए, उनकी मौत हो गयी। घटना बाद धर्मराज तार खींचकर भाग गया। मौके पर दो-तीन मीटर तार लगी मिली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा था। मामले की रिपोर्ट दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बुधवार को धर्मराज को दोषसिद्ध करार देते हुए सात वर्ष की सजा व दस हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया।

## तीन वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेंद्रचंद्र पांडेय की अगुवाई में दरोगा अरविंद कुमार सिंह ने वारंटी मनोज कुमार पुत्र गणेश प्रसाद भौंरी व अपहरण के वारंटी कला उर्फ विकास पुत्र भवना व भवना पुत्र जगदेव धोबी पाहकंजारी को गिरफ्तार किया।

# कभी चुनाव में चलते थे फरमान, अब बस्तियां वीरान

## पाठा क्षेत्र की जनता बेखौफ करेगी मतदान, बदले समीकरण

**अखंड भारत संदेश**


दस्यु बबली कोल की वीरान पडी बस्ती।

**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र में डकैतों के दबदबे के चलते चुनाव में दखल एक जमाने में आम बात थी। उनके फरमान पर सांसद-विधायक-ब्लाक प्रमुख व प्रधान बनते थे। समय ने करवट ली पाठा के बीहड़ों से डकैतों का नाम-निशान मिट गया। अब जनता बेखौफ होकर मतदान करेगी। इससे चुनावी समीकरण खासे बदले नजर आ रहे हैं।

पाठा क्षेत्र में बीहड़ों में दस्यु सम्राट शिवकुमार पटेल उर्फ ददुआ व सूबेदार सिंह उर्फ राधे का आतंक होता था। राजनैतिक दलों के नेता लाभ उठाते थे। उन्हीं के दम पर सांसद-विधायक बनते रहे हैं। दस्यु ददुआ व दस्यु राधे के खौफ का लाभ सपा-बसपा ने उठाया था। इन्हीं दलों के नेता सांसद-विधायक-जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत प्रमुख व प्रधान तक चुने जाते थे। कर्वी विधानसभा व मानिकपुर विधानसभा से विधायक-मंत्री तक बने हैं। दस्यु ददुआ व राधे को ये संरक्षण देते थे। ददुआ के बेटे वीर सिंह पटेल व बहू ममता सिंह पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पाये थे। वीर सिंह पटेल कर्वी विधानसभा से सपा से विधायक चुने गये थे। सगे-संबंधियों व करीबियों ने डकैतों की कृपा प्रसाद पाकर जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, प्रधान जैसे पदों पर कब्जा कर अकूत संपत्ति बनाई।

इन डकैतों समेत दस्यु ठोकिया, बलखड़िया व बबुली कोल के फरमान चुनाव में चलते थे। दस्यु बबुली कोल के पैतृक गांव डोंडा कोलान सोसाइटी अब खंडहर बन चुका है। कोई भी डकैतों का खौफ नहीं है- सिर्फ सन्नाटा पसरा है। यहां के आदिवासी समाज के लोग अन्य जगह बसेरा बना लिए हैं। ये कभी-कभार कुल देवता पूजने को खंडहरों में जाते हैं। पाठा क्षेत्र के डकैत पुलिस की गोली के शिकार बने या जेल की चहार दीवारी में कैद हैं, सजा भी काट रहे हैं। देखना होगा कि ददुआ के खास राधे जेल से किस नेता के समर्थन में संदेश भेजता है। क्षेत्र की जनता में उसका रसूख लोग आज भी मानते हैं।

# मंत्री मोहम्मद औरंगजेब का दावा, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था मजबूत विकास की दिशा में बढ़ रही है



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के संघीय वित्त एवं राजस्व मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने मंगलवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने मजबूत आर्थिक विकास और समेकित सामाजिक विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, औरंगजेब ने यहां एक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश और विदेश में ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद पाकिस्तान ने समग्र दृष्टिकोण अपनाया है और आर्थिक संकेतकों में सुधार के लिए उपाय किए हैं, जो अर्थव्यवस्था के लिए आशावादी दृष्टिकोण का संकेत है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि देखी गई है और पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। सकारात्मक भावनाएं बाजार के विश्वास को बहाल करने में मदद कर रही हैं।

इसके अलावा, औरंगजेब ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष नीतियां पेश की जा रही हैं और देश इस संबंध में अन्य देशों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, देश में कृषि क्षेत्र में बंपर पैदावार के साथ उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे औद्योगिक क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।मंत्री ने कहा कि सरकार कर, ऊर्जा क्षेत्र के मंचों और राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों में सुधार सहित प्रमुख क्षेत्रों के परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित कर रही है, उन्होंने कहा कि उच्च विकास के लिए कर आधार को बढ़ाया जा रहा है।

# राफा में बड़े हमले की तैयारी कर रहा इजराइल



**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि वह दक्षिणी गाजा के राफा क्षेत्र में एक बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।
इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि आईडीएफ ने हमला शुरू होने से पहले राफा में फिलिस्तीनी नागरिकों की निकासी के लिए एक रोड मैप तैयार किया है।
सूत्रों के अनुसार, आईडीएफ दो से तीन हफ्तों के लिए नागरिकों को वहां से हटा देगा। राफा में लगभग 13 लाख फि लिस्तीनी रहते हैं। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे हैं। नागरिकों को यहां खान यूनिस शहर में ले जाने की संभावना है। गौरतलब है कि खान यूनिस में हमास का मुख्यालय था। लेकिन अब यहां आईडीएफ ने कब्जा जमा लिया है।
उन्होंने कहा कि आईडीएफ इन नागरिकों के आवास के लिए अस्थायी तंबू लगाएगा।
इसके बाद आईडीएफ के सैनिक राफा में प्रवेश करेंगे। आईडीएफ को यहां हमास के नेताओं और कार्यकताओं के छिपे होने की आशंका है।
इजराइल की खुफिया एजेंसियों ने कहा है कि राफा क्षेत्र में हमास की चार बटालियनें हैं। हमास द्वारा बंधक बनाए गए 129 इजराइली बंधकों को भी उसी क्षेत्र में रखा गया है।

## नेपाल में प्रचंड और ओली के बयानों से वाम एकता के प्रयास को धक्का लगा


**काठमांडू।** कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर काठमांडू के एक कार्यक्रम में एक ही मंच पर बैठे प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड और एमाले के अध्यक्ष केपी ओली के वाम एकता को लेकर दिए बयानों से वाम एकता के प्रयास को धक्का लगा है।
नेपाल की दो प्रमुख कम्युनिस्ट पार्टी के बीच गठबंधन सरकार के बाद से एक बार फिर वाम एकता की चर्चा शुरू हो गई थी। दोनों दलों के नेता उत्साहित होकर वाम एकता का राग अलापने लगे थे। इस बीच कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में एमाले अध्यक्ष ओली ने कहा कि वाम एकता की बात बेबुनियाद है। कई टुकड़ों में बंटे कम्युनिस्ट दलों का एक जगह आने को असंभव बताते हुए ओली ने कहा कि पिछली बार हुई एकता दो वर्ष भी नहीं चल पाई, इस कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए एमाले पार्टी अब वाम एकता का कोई प्रयास नहीं करेगी।
उन्होंने कहा कि नेपाल में मल्टी पार्टी डेमोक्रेटिक सिस्टम होने के कारण यहां वाम एकता की बात करने से ध्रुवीकरण होने का खतरा है। इसलिए वाम एकता की बात करना या समाजवादी मोर्चा की बात करना ही गलत है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन नहीं, सत्ता के लिए आवश्यक बहुमत पहुंचाने के लिए किया गया समीकरण है। ओली ने कहा कि पार्टी का नाम रख लेने मात्र से कोई कम्युनिस्ट नहीं हो जाता है। दो तिहाई बहुमत की सरकार को गिराने के लिए धुर विरोधी दक्षिणपंथी शक्तियों के साथ हाथ मिलाने वाले को कम्युनिस्ट नहीं कहा जा सकता है।
वाम एकता पर ओली के कड़े विरोध के बाद परेशान दिखे प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि हमें पिछली गलतियों से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि पिछले कड़े अनुभव के बाद वाम एकता तत्काल संभव नहीं है लेकिन हमें एकता का प्रयास नहीं छोड़ना चाहिए। प्रचंड ने कहा कि भले ही एमाले ने अपनी पार्टी के दस्तावेज में वाम एकता नहीं करने की बात लिख दी हो लेकिन कार्यकताओं में उत्साह बनाए रखने के लिए भी वाम एकता की बात को नहीं छोड़ना चाहिए। प्रचंड ने कहा कि जल्दबाजी में नहीं पर इस बार पूरा गृहकार्य कर एकता को निचले स्तर तक पहुंचाना ही होगा।

## इजराइल पर हिजबुल्ला ने एक साथ 35 रॉकेट दागकर किया आक्रामक हमला

**यरुशलम।** इजराइल पर ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने एक साथ 35 राकेट दागते हुए आक्रामक हमला बोला है। हिजबुल्ला के 35 राकेट के हमलों से उत्तरी इजराइल के सफेड शहर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बज गए। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। इसके जवाब में इजराइल ने भी दक्षिण लेबनान में हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हवाई हमले किए। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि इजराइली रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान में राकेट लांचरों से हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हमला किया। इससे पहले सोमवार को इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के अरजौन और ओडाइसेह गांवों में दो बुनियादी संरचनाओं पर हमला किया था, जहां हिजबुल्ला लड़ाके मौजूद थे। उधर, खान यूनिस के खाली पड़े सबसे बड़े अस्पताल परिसर में 283 लोगों की सामूहिक कब्रें मिलने के दावे को इजराइली सेना ने खारिज कर दिया है। गाजा प्रशासन ने आरोप लगाया गया था कि इन लोगों को इजरायली सैनिकों ने मारकर जमीन के नीचे दबा दिया था। इजराइल ने मंगलवार को पूरे गाजा में हमले किए। इसे हाल के हफ्तों में सबसे बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है। इजराइली बलों ने खासकर उत्तरी गाजा को निशाना बनाया। स्थानीय निवासियों के अनुसार इजराइल यहां अपने सैनिकों को पहले ही उतार चुका है। उसने मंगलवार को हवाई हमलों के साथ टैंकों से भी मध्य और दक्षिण गाजा में गोले बरसाए।
गाजा पट्टी के उत्तरी किनारे बेत हानून पर सोमवार रात भर टैंक से गोले बरसाए जाते रहे। दूसरी ओर, इजराइल में यहूदी फसह की छुट्टियां मनाने के लिए सरकारी कार्यालय और कारोबार बंद रहे। हालांकि, इस दौरान दक्षिणी सीमा पर स्थित शहरों में राकेट हमले के अलर्ट गूंजते रहे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## यूक्रेन ने व्यवसायों, उद्योग पर बिजली आपूर्ति प्रतिबंध लगाया



**कीव।** यूक्रेन की सरकारी एनर्जी कंपनी उक्रेनर्गो ने कहा है कि वह रूसी मिसाइल हमलों के कारण हुई बिजली की कमी के कारण व्यवसायों और उद्योग पर बिजली आपूर्ति प्रतिबंध लगाएगी।
उक्रेनर्गो ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा, "इलेक्ट्रिसिटी लिमिटेशन कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक लागू किया जाएगा, जो महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधाओं और रक्षा उद्यमों को प्रभावित नहीं करेगा।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य यूक्रेन के क्रिवी रिह जिले में औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति प्रतिबंध चौबीसों घंटे लागू रहेगा। इसके अलावा, बिजली कटौती से पूर्वी खार्किव क्षेत्र में निजी घर प्रभावित होंगे। उक्रेनर्गो के अनुसार, एनर्जी (ऊर्जा) घाटे को पूरा करने के लिए यूक्रेन लगातार दूसरे दिन यूरोप से बिजली आयात कर रहा है। पिछले हफ्ते, यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल ने कहा था कि रूसी हमलों के कारण यूक्रेन ने हाल के महीनों में अपनी 8 गीगावॉट से अधिक क्षमता खो दी है।

# Russia-Ukraine War : अमरीका भेजेगा यूक्रेन को हथियार, बाइडन करेंगे यूक्रेन, इजराइल और ताइवान को सहायता का फैसला



रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते रूस की पश्चिमी देशों को यूक्रेन की सहायता करने पर नतीजे भुगतने की धमकी देने का अमरीका ने कोई नोटिस नही लिया है। अब अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडन यह फैसला करेंगे कि यूक्रेन इजराइल और ताइवान को कितनी युद्ध सहायता करनी है। अमरीका की सीनेट ने बड़े द्विदलीय वोट के साथ यूक्रेन, इजराइल और ताइवान के लिए सहायता देने का प्रस्ताव पारित कर अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेज दिया है।

**सदन की पैकेज को मंजूरी,बिल पारित**

:अमरीकी सदन की ओर से पैकेज को मंजूरी देने के बाद बिल मंगलवार देर रात सीनेट में 79-18 के भारी मतों से पारित हो गया। बाइडन ने समर्थन हासिल करने के लिए कांग्रेस के नेताओं के साथ काम किया, उन्होंने प्रस्ताव पारित होने के तुरंत बाद एक बयान में कहा कि वह इस पर हस्ताक्षर करेंगे और यूक्रेन को हथियार भेजने की प्रक्रिया शुरू करेंगे, जो रूस के खिलाफ अपनी अग्रिम पंक्ति पर पकड़ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। बाइडन ने कहा कि एक द्विदलीय सीनेट में बहुमत इस महत्वपूर्ण मोड़ पर इतिहास की पुकार का जवाब देने के लिए सदन में शामिल हुआ।

**गाजा के नागरिकों को भी भेजेगा**

यह कानून इजराइल को युद्धकालीन सहायता और गाजा के नागरिकों को मानवीय राहत के लिए 26 बिलियन डॉलर और ताइवान और इंडो-पैसिफिक में चीनी खतरों का मुकाबला करने के लिए 8 बिलियन डॉलर भी भेजेगा। अमरीकी अधिकारियों ने कहा कि लगभग 1 अरब डॉलर की सहायता शीघ्र ही मिल सकती है, जिसका बड़ा हिस्सा आने वाले हफ्तों में आएगा।

## एलआईसी ने ब्रांड नाम और प्रतीक चिह्न वाले भ्रामक विज्ञापनों को लेकर चेताया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन मामले में लोगों को आगाह किया है। एलआईसी ने वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर और कंपनी के ब्रांड नाम और लोगो का दुरुपयोग करने के मामले में यह चेतावनी जारी की है। एलआईसी ने एक्स पोस्ट पर जारी सार्वजनिक नोटिस में अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी बरतने और ऐसी हर चीज की प्रामाणिकता की जांच करने को कहा है। निगम ने सार्वजनिक नोटिस में कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग और संस्थाएं हमारी सहमति के बिना कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों या पूर्व अधिकारियों की तस्वीर, ब्रांड नाम तथा प्रतीक चिह्न का दुरुपयोग करके विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दे रहे हैं। हम ऐसी भ्रामक गतिविधियों को लेकर जनता को सचेत करना चाहते हैं। कंपनी की ओर से जारी सार्वजनिक नोटिस में जनता से एलआईसी के आधिकारिक सोशल मीडिया खातों पर ऐसे धोखाधड़ी वाले विज्ञापनों के यूआरएल लिंक की जानकारी देने को भी कहा गया है।

## नेपाल में उपचुनाव और भारत में दूसरे चरण के मतदान के मद्देनजर सीमा सील

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के सीमावर्ती शहरों के पुलिस और प्रशासन की संयुक्त बैठक में अन्तरराष्ट्रीय सीमा को सील किए जाने का निर्णय किया गया है। नेपाल के पूर्वी शहर इलाम में होने वाले उपचुनाव और भारत में होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर पूर्वी सीमा को बुधवार की मध्यरात्रि से सील किया जा रहा है।
नेपाल के गृहसचिव एकनारायण अर्याल ने 26 अप्रैल को भारत में होने वाले दूसरे चरण के मतदान और 27 अप्रैल को इलाम में होने वाले संसदीय उपचुनाव के मद्देनजर सुरक्षा संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर सीमा सील करने का निर्णय किया गया है। दूसरे चरण में बिहार के किशनगंज, पूर्णिया क्षेत्र में होने के कारण जोगबनी विराटनगर के अलावा मोरंग और सुनसरी जिले के सभी नाका सील किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में होने वाले चुनाव के मद्देनजर काकडभिट्टा का नाका बन्द किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि नेपाल के इलाम के लिए हो रहे उपचुनाव के कारण झापा जिले के नाकाओं को सील किया जाएगा। इलाम के प्रमुख जिलाधिकारी इन्द्रदेव यादव ने बताया कि बुधवार रात से सीमा नाका को सील कर शनिवार को मतदान के बाद 6 बजे शाम तक सील रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर नेपाल पुलिस, सशस्त्र प्रहरी बल, बंगाल पुलिस, बिहार पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गस्ती टीम बनाकर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## कतर से द्विपक्षीय वार्ता के बाद आठ समझौते पर हस्ताक्षर, नेपाल में निवेश करने का आग्रह

**काठमांडू।** नेपाल के दौरे पर आये कतर के अमीर शेख तामिम बिन हमाद अल थानी और प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद आठ समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। दो दिनों के भ्रमण के दौरान कतर के अमीर बुधवार को स्वदेश लौट चुके हैं।
काठमांडू के सोल्टी होटल में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री प्रचंड ने कतर में रहे लाखों नेपाली मजदूरों के हित का ख्याल रखने का आग्रह किया। प्रचंड ने नेपाल कृषि, उद्योग, पर्यटन और पूवार्धार क्षेत्र में निवेश का अच्छा माहौल होने के कारण निवेश करने का आग्रह किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाल और कतर के बीच द्विपक्षीय संबंध को और अधिक मजबूत करने के लिए आपसी समझदारी सहित काम करने का प्रस्ताव किया है। उन्होंने कहा कि दो देश के बीच का संबंध सौहार्दपूर्ण मित्रता, आपसी सम्मान, विश्वास और सहयोग पर मा आधारित है। प्रधानमंत्री प्रचंड और कतर के अमीर के बीच हुए समझौतों में दोनों देशों के बीच कला तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में सहकार्य करने की समझदारी, नेपाल की सरकारी समाचार संस्था राष्ट्रीय समाचार समिति तथा कतर न्यूज एजेन्सी के बीच समाचार आदान प्रदान करने पर सहमति, प्राथमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा वैज्ञानिक खोज के क्षेत्र में सहकार्य करने की समझदारी, युवा तथा खेलकूद के क्षेत्र में सहकार्य, नेपाल तथा कतर के महान्यायाधिवक्ता कार्यालय के बीच सहकार्य करने की समझदारी, नेपाल सरकार के परराष्ट्र अध्ययन प्रतिष्ठान तथा कतर सरकार के विदेश मन्त्रालय की कूटनीतिक संस्था के बीच कूटनीतिक प्रशिक्षण तथा शिक्षा के क्षेत्र में सहकार्य, नेपाल के उद्योग वाणिज्य महासंघ और कतर चेम्बर के बीच साझा व्यापारिक परिषद् स्थापना करने संबंधी समझौता प्रमुख है।

## रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर रविशंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी. रविशंकर के कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। आरबीआई ने जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। आरबीआई ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने टी. रविशंकर को 03 मई 2024 से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में फिर से नियुक्त किया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने तीन मई, 2024 से रविशंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी थी। सरकार ने टी. रविशंकर को मई, 2021 में तीन साल के लिए आरबीआई का डिप्टी गवर्नर बनाया था। वह, वर्ष 1990 में आरबीआई में शामिल हुए थे, उन्होंने बीते वर्षों के दौरान केंद्रीय बैंक में विभिन्न पदों पर काम किया।